
नई दिल्ली
शनिवार 18 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 364
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 39
न्यून. 25

### संसद में दिखे अनूठे क्षण



**नड्डा ने दिया खरगे को सहारा**
सराजनीतिक मतभेदों के बीच जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर मदद का हाथ बढ़ाया। यह छोटा सा दृश्य इस बात का संकेत था कि लोकतंत्र में मतभेद भले ही तीखे हों, लेकिन मानवीय रिश्तों की गर्माहट अब भी कायम है।

**बिरला ने राहुल से पूछा-अंगूठे में क्या हुआ?**



जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महिला आरक्षण बिल पर अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए, तो उनके हाथ पर बंधी पट्टी ने सभी का ध्यान खींच लिया। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने हल्के अंदाज में उनसे चोट के बारे में पूछा। राहुल गांधी ने बताया कि उनके अंगूठे में चोट लगी है।

### पहली बार संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं करा पाई मोदी सरकार

# लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण बिल, पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े

- 21 घंटे की चर्चा के बाद इस पर वोटिंग हुई, सरकार ने दो अन्य संशोधन बिल वापस लिए
- विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया, महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाकर ही रहेंगे: रिजिजू
- यह संविधान की मूल भावना पर हमला था, जिसे विपक्ष ने मिलकर रोक दिया: राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार शुक्रवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान (131वां) संशोधन बिल पास नहीं करा पाई। इसमें संसद की 543 सीटों से बढ़ाकर 850 सीटें करने का प्रावधान था। लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। बिल के पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। लोकसभा में मौजूदा सांसदों की संख्या 540 है, तीन सीटें खाली हैं। 21 घंटे की चर्चा के बाद इस पर वोटिंग हुई। बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल 54 वोट से गिर गया।

वोटिंग के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि यह विधेयक आवश्यक समर्थन नहीं जुटा सका, इसलिए आगे की विधायी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। इसके बाद संबंधित दो अन्य विधेयकों पर भी सरकार ने मतदान नहीं कराने का निर्णय लिया। इसके बाद इससे जुड़े दो बिल पहला- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 तथा दूसरा- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026 पेश नहीं किए। सरकार ने इन पर वोटिंग कराने से इनकार कर दिया। कहा कि ये बिल एक-दूसरे से लिंक है इसलिए वोटिंग की जरूरत नहीं है। बता दें, संविधान संशोधन विधेयक के तहत ⏩ शेष पेज 5 पर



## विधेयक पर 130 सांसदों ने भाग लिया, इनमें 56 महिला सांसद शामिल

उल्लेखनीय है कि पिछले 12 वर्षों में यह पहली बार है जब मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया कोई संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका। इस विधेयक पर सदन में करीब 21 घंटे तक विस्तृत चर्चा चली, जिसमें कुल 130 सांसदों ने भाग लिया। इनमें 56 महिला सांसद भी शामिल रहीं, जिन्होंने अपने-अपने पक्ष रखे।

**महिलाएं देख रहीं, राह का रोड़ा कौनः शाह**
इससे पहले अमित शाह ने अपने बहस का जवाब देते हुए कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है।

**संविधान की मूल भावना पर प्रहारः राहुल**
लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक गिरने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह केवल महिला आरक्षण का मुद्दा नहीं था, बल्कि चुनावी व्यवस्था में बदलाव की कोशिश थी। उनके मुताबिक, यह संविधान की मूल भावना पर हमला था, जिसे विपक्ष ने मिलकर रोक दिया।

**विपक्ष ने ऐतिहासिक मौका गंवायाः संसदीय मंत्री रिजिजू**



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।

### गृहमंत्री की कांग्रेस को खरी-खरी

## बोले अमित शाह, महिला आरक्षण के पवित्र यज्ञ में हड्डियां डालकर विरोध में खड़ा हुआ विपक्ष, नारी शक्ति से नहीं मिलेगी माफी



- लोकसभा अध्यक्ष ने शनिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की कार्रवाई

लोकसभा में महिला आरक्षण को लागू करने के लिए सरकार द्वारा लाया गया 131 वां संविधान संशोधन विधेयक-2026 शुक्रवार को पारित नहीं हो सका। मतदान के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने मतदान परिणाम की घोषणा करते हुए सदन की कार्रवाई को शनिवार 18 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बिल पर हुई चर्चा के जवाब में गृहमंत्री अमित शाह ने सरकार का साथ न देने को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विरोधियों द्वारा लगाए तमाम आरोपों को झूठा, मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह विपक्ष द्वारा महिला आरक्षण के पवित्र यज्ञ में हड्डियां डालकर किया जा रहा विरोध है। इसलिए देश की नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। जब विपक्षी दल चुनाव में जाएंगे तो उन्हें इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। चुनाव में जाते वक्त रास्ता छोड़कर भागने की नौबत आ जाएगी। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कि पार्टी ने सत्ता पक्ष या विपक्ष में रहते हुए कभी भी इस विधेयक का समर्थन नहीं किया है। इंदिरा गांधी के समय में भी ऐसा ही हुआ था। वर्ष 1976 से 2026 तक यानी कुल 50 वर्षों तक देश की जनता को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इसकी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। महिला आरक्षण अधिनियम की 2026 में समय सीमा समाप्त होने पर अगर परिसीमन करेंगे। तो 2029 से पहले समाप्त नहीं होगा और 543 संसदीय क्षेत्रों का आकलन 2029 तक होगा। ऐसे में हमारी कोशिश 2029 का चुनाव आधी आबादी की भागीदारी के साथ कराने की थी। जिसके लिए आरक्षण लागू करना पड़ेगा। विपक्ष सब कुछ समझता है। लेकिन फिर भी वह भ्रांति खड़ी करना चाहता है। पूर्व की 56.89 करोड़ आबादी के मुताबिक जितने सांसद थे। उतने ही 140 करोड़ की आबादी के साथ रखना ⏩ शेष पेज 5 पर

### पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु चुनावों में विपक्ष को महिला विरोधी ठहराने की होगी पुरजोर कोशिश

## भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर अब विपक्ष को सड़क पर घेरेगी



लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर भले ही पास नहीं हो पाया हो पर अब भाजपा इस मुद्दे पर आम लोगों के बीच विपक्ष को घेरने की मुहिम शुरू करेगी। बिल गिरने के बाद जिस प्रकार से संसद भवन के मुख्यद्वार पर एनडीए के सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया उससे साफ है कि अब यह मसला सड़क पर जोरशोर से उठाया जाएगा। भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु चुनावों में विपक्ष को महिला विरोधी ठहराने की पुरजोर कोशिश करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल चुनाव के पहले चरण के दिन भी राज्य के दौरे पर रहेंगे। वे 23 अप्रैल को नदिया जिले के कृष्णानगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 24 अप्रैल को 24 परगना में भी उनकी एक सभा है। इन सभाओं में पीएम मोदी महिला आरक्षण बिल का मुद्दा उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बिल को लेकर देश की महिलाओं से खास अपील की थी। उन्होंने दिन में ट्वीट करते हुए सभी सदस्यों से अपील की थी कि अपने घर की मां, बहन, बेटी और पत्नी की याद को मन में रखते हुए, अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें। यह देश की नारी शक्ति की सेवा करने और उन्हें सम्मान देने का एक सुनहरा अवसर है। उन्हें नए अवसरों से वंचित न करें। उन्होंने कहा था कि मैं सभी सदस्यों से यह भी अनुरोध करता हूं कि वे ऐसा कोई भी काम न करें, जिससे पूरे भारत की महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचे। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की रणनीति अगले एक दो दिन में तैयार कर लेगी। पार्टी देश की आधी आबादी को अपने पीछे लामबंद करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती है। चुनावी राज्यों ⏩ शेष पेज 5 पर

## राहुल गांधी की 16 की पहेली, कहा- इसके बारे में जल्द पता चलेगा देश को

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल की आड़ में देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश कर रही है, जिसे उन्होंने राष्ट्र-विरोधी कृत्य बताया। राहुल गांधी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल संसद में वर्ष 2023 में पास हो चुका है और नए बिल का महिलाओं के सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। लोकसभा में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह बिल ओबीसी, एससी-एसटी तथा दक्षिण, उत्तर-पूर्व और छोटे राज्यों के हितों के खिलाफ है। कांग्रेस इस प्रयास को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी और किसी का हक छिनने नहीं देगी। सत्ता पक्ष की तरफ से बार-बार व्यवधानों के बीच राहुल गांधी ने दोहराया कि विपक्ष महिला आरक्षण का ⏩ शेष पेज 5 पर

**असली एजेंडा संविधान के ऊपर मनुवाद को रखना**
राहुल गांधी ने कहा कि यह ऐतिहासिक सच्चाई है कि ओबीसी समुदायों, दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के साथ क्रूर तथा निर्दयी व्यवहार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ओबीसी वर्ग को सत्ता और प्रतिनिधित्व देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का असली एजेंडा संविधान के ऊपर मनुवाद को रखना है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने तीखे स्वर में यह भी कहा कि भाजपा दलितों और पिछड़ों को हिंदू तो कहती है, लेकिन उन्हें सत्ता के ढांचे में जगह नहीं देती है। उन्होंने पूछा कि कॉर्पोरेट जगत और देश के वित्तीय ढांचे में आज दलित, ⏩ शेष पेज 5 पर

### भाजपा अध्यक्ष बोले, इंडी गठबंधन का महिला विरोधी असली चेहरा एक बार फिर हुआ बेनकाब

## राहुल गांधी और उनके एंटी विमेन एलाइंस ने फिर 'आधी आबादी' के साथ विश्वासघात कियाः नवीन

भाजपा अध्यख नितिन नवीन ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल गिरने पर अपनी प्रतिक्रिया में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मीडिया से कहा कि आज लोकसभा में कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और पूरे इंडि गठबंधन का महिला-विरोधी असली चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी और उनके एंटी विमेन एलाइंस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें



संविधान संशोधन विधेयक को पारित न होने देकर देश की 'आधी आबादी' के साथ घोर विश्वासघात किया है। जिस कांग्रेस ने दशकों तक महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक समझा, आज उसने उनकी हिस्सेदारी और भागीदारी की सरेआम हकमारी की है, जो करोड़ों माताओं-बहनों के सपनों पर एक कायरतापूर्ण प्रहार है। उन्होंने कहा कि खोखले ⏩ शेष पेज 5 पर

### विपक्ष के 'शह' पर सत्ता पक्ष की ऐसे हुई 'मात'

## तीसरी बार हरिवंश बने राज्यसभा के उपसभापति

**पीएम मोदी और खरगे ने जताया भरोसा**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



मौका था राज्यसभा में हरिवंश का लगातार तीसरी बार बतौर उपसभापति चुनाव का। विपक्ष ने कांग्रेस पार्टी की अगुवाई में ये तय किया था कि राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सांसद के उच्च सदन के उपसभापति पद की जिम्मेदारी देने की परंपरा नहीं रही है। इसलिए विपक्ष वॉकआउट करेगा। कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने इसकी घोषणा भी की थी। मौके की नजाकत को देखते हुए सदन के नेता केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को मोर्चा संभाला। सभी विपक्षी नेताओं से एक एक कर बात की। उन्हें इस बात के लिए तैयार किया कि संसदीय परंपराओं को और बेहतर बनाने के लिए कभी तो शुरुआत होगी ? परंपरा प्रैक्टिस से बनती है। हरिवंश पहले जदयू कोटे से दो बार चुनकर राज्यसभा पहुंचे थे। इस बार जदयू ने उन्हें मौका नहीं दिया तो केंद्र सरकार की अनुशंसा पर राष्ट्रपति के मनोनयन से राज्यसभा पहुंचे। सदन के नेता अंत में विपक्षी तेवर को ढीला करने में कामयाब रहे। शुक्रवार को पक्ष और विपक्ष सभी ने एक सुर में हरिवंश के चयन को 'लाजवाब' बताया। शिव सेना उद्धव ठाकरे के संजय राउत समेत कई विपक्षी दल के नेताओं ने हरिवंश को चौथी बार उपराष्ट्रपति पद पर प्रोन्नति के साथ सदन के सभापति बनने तक की शुभकामनाएं दी। बहुत दिनों के बाद ऐसा अवसर आया जब समूचा सदन किसी विषय पर ₹एकमतर₹ हुआ हो। सभी दलों के नेताओं ने बारी बारी से हरिवंश की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहतर उपसभापति की उपाधि से बार बार नवाजा। हरिवंश के निर्वाचन के बाद सभापति की आसंदी पर औपचारिक रूप से खुद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने बिठाया तो उन्होंने इस बात की घोषणा की - सदन की कार्यवाही कल शनिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है। इससे पहले सभापति ने हरिवंश को उपसभापति पद पर पुनः निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सदन के सभी दलों और वर्गों के बीच उनके प्रति गहरे विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। सभापति ने कहा कि इस उच्च संवैधानिक पद पर तीसरी बार निर्वाचित होना एक दुर्लभ उपलब्धि है, जो उनकी निष्पक्षता, संयम और संसदीय परंपराओं के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में सदन की कार्यवाही संतुलन और गरिमा के साथ संचालित होती रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हरिवंश को बधाई देते हुए कहा कि उनका निर्विरोध निर्वाचन इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने सभी दलों का ⏩ शेष पेज 5 पर

### महिला आरक्षण को लेकर शुक्रवार को सदन में जारी चर्चा के दौरान बोले नेता प्रतिपक्ष

**महिला आरक्षण की आड़ में देश का राजनीतिक नक्शा बदलना चाहती है सरकार, विपक्ष कभी साथ नहीं देगा**

## राहुल के पीएम को जादूगर कहने पर लोकसभा में खूब बरपा हंगामा, राजनाथ बोले- जनता से माफी मांगें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

महिला आरक्षण पर बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के तहत लोकसभा में जारी चर्चा लगातार दूसरे दिन यानी शुक्रवार को भी बदस्तूर जारी रही। पक्ष-विपक्ष से बड़ी तादाद में महिला और पुरुष सांसदों ने इसमें बढ़चढ़कर भाग लिया। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए और उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जादूगर शब्द से संबोधित किया और कहा कि वह और उनकी सरकार महिला आरक्षण की आड़ में देश का



राजनीतिक मानचित्र (परिसीमन) बदलना चाहती है। जिसका कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष कभी समर्थन नहीं करेगा। इन तीनों बिलों को सरकार वापस ले। कांग्रेस नेता के जादूगर शब्द के इस्तेमाल के साथ ही लोकसभा में जमकर हंगामा शुरू हो गया। जिसके ⏩ शेष पेज 5 पर

**कार्रवाई से हटाया गया शब्द**
*सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष से अपील की कि वह जादूगर शब्द को सदन की कार्रवाई से हटा दें। जिसके बाद ओम बिरला ने इस शब्द को कार्रवाई से बाहर कर दिया और राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि मुझे आपके बयान पर घोर आपत्ति है। यह सदन नियम-प्रक्रियाओं से ही चलेगा। प्रत्येक सदस्य की भाषा संयमित, मर्यादित और आचरण पूर्ण होनी चाहिए। अगर आप चर्चा के लिए तय किए गए विषय पर ही बोलेंगे तो बेहतर होगा। विषय से भटकना उचित नहीं है। जवाब में राहुल बोले, सर मैं जादूगर शब्द नहीं बोलूंगा।*

**देश को आगे बढ़ाने वाली केंद्रीय शक्ति 'महिलाएं'**
*नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महिलाएं राष्ट्रीय सोच और विचार में भी देश को आगे बढ़ाने वाली केंद्रीय शक्ति हैं। सच अंधकार में दिखता है और ये हमेशा दुखदायी होती है। यह सरकार सच देखना नहीं चाहती है। क्योंकि उसके लिए साहस की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि पहली सच्चाई ये भी है कि सरकार द्वारा लाया गया यह बिल महिला बिल नहीं है। बल्कि मोदी सरकार महिलाओं के पीछे छिपकर भारत के राजनीतिक मानचित्र को बदलने की फिराक में है। जिसका कांग्रेस के साथ-साथ सभी विपक्षी* ⏩ शेष पेज 5 पर

## किसानों के साथ धोखा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, जीरो टॉलरेंस की नीतिः चौहान

### धार-खरगोन के किसानों की पीड़ा पर शिवराज ने लिया तत्काल संज्ञान नुन्हेम्स कंपनी पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के धार और खरगोन के किसानों ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उनके सामने करेला की फसल में अमानक बीज और रोपे से हुए भारी नुकसान का मामला रखा, जिस पर शिवराज सिंह ने इसे किसानों की आजीविका पर सीधा प्रहार मानते हुए तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त



कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिवराज सिंह के निर्देशों के बाद मामले में तेज़ कार्रवाई हुई और धार जिले के मनावर थाने में संबंधित कंपनी- नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चौहान ने एक बार फिर स्पष्ट ⏩ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान का दिया धन्यवाद, बोले- पीएम मोदी संग हुई बहुत अच्छी बातचीत

**'दुख भरे दिन बीते रे भैया, अब सुख आयो रे'...**

## युद्ध के 48 दिन बाद पूरी तरह से खुल गई होर्मुज की खाड़ी, गुजरेंगे सभी वाणिज्यिक जहाज

- ईरान के विदेश मंत्री बोले, पिछले गुरुवार से इजरायल-लेबनान के बीच हुए 10 दिन के संघर्षविराम के तहत उठाया यह जरूरी कदम

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच शुक्रवार को एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। जिसमें ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने यह ऐलान किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अब पूरी तरह से सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोल दिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के इस



फैसले का स्वागत करते हुए उनके देश को धन्यवाद दिया है। अराघची ने अपनी एक 'एक्स' पोस्ट में बताया कि लेबनान में लागू हुए संघर्षविराम के तहत यह कदम उठाया गया है। जब तक संघर्षविराम जारी रहेगा। तब तक होर्मुज भी अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला रहेगा। लेकिन इलाके से गुजरने वाले जहाजों को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा तय किए गए मार्गों का ही अनिवार्य रूप से पालन करना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस युद्ध के कुल 48 दिनों के बाद यह बड़ा महत्वपूर्ण फैसला हुआ है। जिससे भारत समेत पूरी दुनिया को काफी राहत मिलेगी। इजरायल और लेबनान के बीच पिछले गुरुवार से 10 दिन का संघर्षविराम हुआ है। जिसके बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ने जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष (इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन) अस्थायी संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं।


**मोदी मेरे दोस्त, अच्छा काम कर रहेः ट्रंप**
इन सबके बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई कुल करीब 40 मिनट की बातचीत को लेकर कहा कि हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई है। वह भारत से मेरे दोस्त हैं और अच्छा काम कर रहे हैं। वहीं बीते दिनों हुई इस वार्ता की पुष्टि पीएम मोदी ने अपनी एक एक्स पोस्ट के माध्यम से की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे बीच आपसी सहयोग के अलावा, पश्चिम एशिया और होर्मुज के मामले पर चर्चा की गई है।

**ट्रंप ने यूं जताया तेहरान का आभार**
*अमेरिका के राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म में कहा कि ईरान ने अभी होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से खोलने की घोषणा की है। यहां से सभी व्यापारिक जहाज आवाजाही के लिए तैयार हैं। धन्यवाद! बताते चलें कि होर्मुज को वैश्विक ऊर्जा और गैस व्यापार का एक बड़ा वैश्विक समुद्री मार्ग माना जाता है। यहां से कुल 20 फीसदी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा जैसे कच्चे तेल और गैस की दुनियाभर के देशों को सप्लाई की जाती है। युद्ध की वजह से स्ट्रेट पर लगे हुए ईरानी प्रतिबंध ने सभी पर गंभीर प्रभाव डाला था। जिसमें अब राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है।*

निहाल विहार इलाके में वारदात, दो आरोपी पकड़े

# अधेड़ उम्र के शख्स की पीट पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बाहरी जिले के निहाल विहार में अधेड़ उम्र के शख्स की झगड़े के बाद कुछ लोगों ने पीट पीटकर हत्या कर दी। मृतक का नाम नारायण वर्मा (50) बताया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में करवाया गया है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर भगत सिंह (45) और बाबू सिंह (22) को हिरासत में लिया है। केस में आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को डीडीयू अस्पताल से निहाल विहार थाने को एक कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि नारायण वर्मा पुत्र रामदेव, निवासी निहाल विहार को अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। पूछताछ करने पर यह सामने आया कि मृतक का गुरुवार को रात लगभग 11 बजे निहाल विहार के वीर बाजार चौक के पास दो लोगों से झगड़ा हुआ था। मृतक के शरीर पर चोट के कोई भी बाहरी निशान नहीं थे। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है और पीएम रिपोर्ट तथा बयानों के आधार पर इस घटना के संबंध में निहाल विहार थाने में शुक्रवार को गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# गिरोह बनाने की कोशिश में लगा डीयू छात्र गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ पिस्तौल एवं कारतूस बरामद

क्राइम ब्रांच ने कथित रूप से अपना गिरोह बनाने की कोशिश में लगे दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पिस्तौलें और कारतूस बरामद किए गये। आरोपी की पहचान अबू तालिब के तौर पर हुई है, जो इलाके में दबदबा कायम करने के लिए अपना गिरोह बनाने की जुगत में था। शाहदरा के भोलानाथ नगर निवासी तालिब प्रतिद्वंद्वी गिरोह से बदला देने के लिए अवैध हथियार जमा कर रहा है।

डीसीपी पकंज कुमार के अनुसार इसके बाद एक टीम ने भोलानाथ नगर स्थित परिसर पर छापा मारा और दो पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 23 कारतूस, और कारतूस के 11 खोखे बरामद किए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पूछताछ में बताया कि मेरठ से अवैध हथियार प्राप्त किए थे और इन हथियारों का इस्तेमाल प्रतिद्वंद्वी गिरोहों से बदला लेने के लिए किया जाना था। दिल्ली विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा शाखा से बीए (द्वितीय वर्ष) की पढ़ाई कर रहे आरोपी के खिलाफ फर्श बाजार थाने में मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आपूर्तिकर्ता का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

## नरेला में जूतों की फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके में शुक्रवार को एक जूते बनाने की फैक्टरी में सुबह के समय आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन विभाग को सुबह सात बजकर 45 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की 17 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग बुझाने का अभियान कई घंटे जारी रहा।

**अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड**
CIN: U74210DL1991PLC042569
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankitassignments.com/investor-charter;
Email ID: info@alankit.com; Tel No.: 011-42541234/904

**सूचना**

विषय : फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, लिस्टेड कम्पनियों के फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु एक स्पेशल विंडो उपलब्ध करवाई गई है।

यह सुविधा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे/खरीदे गये शेयरों के लिए उपलब्ध है और 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।

फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स धारण करने वाले शेयरधारकों को निर्धारित अवधि के अंदर इस अवसर का लाभ उठाने का परामर्श दिया जाता है।

विवरण हेतु : www.alankitassignments.com/investor-charter/ | ई-मेल आईडी jksingla@alankit.com

कृते अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
हरीश चन्द्र अग्रवाल
पूर्णकालिक निदेशक

दिनांक : 16 अप्रैल, 2026
स्थान : नई दिल्ली

## ब्रिगेडियर से मारपीट के मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत एन्क्लेव इलाके में सेना के एक ब्रिगेडियर और उनके बेटे से कथित तौर पर मारपीट करने एवं उनकी पत्नी को धमकी देने के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम सुरजीत सिंह (36), सुनील शर्मा (53), आशीष (32) और सतेंद्र (35) बताये गये हैं। सुरजीत, सुनील और आशीष सभी मेहरम नगर के निवासी हैं और सतेंद्र हरियाणा के भिवानी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार सुरजीत सिंह मुख्य आरोपी सतेंद्र का परिचित है। सतेंद्र एक विमानन कंपनी का निदेशक है। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी मेहरम नगर में एक साथ बैठे थे तभी सतेंद्र ने वसंत एन्क्लेव में हुए झगड़े के सिलसिले में उन्हें फोन किया था। फोन आने के बाद आरोपी सुरजीत की सफेद रंग की कार में घटनास्थल के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने कहासुनी एवं मारपीट की और फिर वे अपने-अपने घर लौट गए। मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी अंडरग्राउंड हो गये थे। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए एक टीम गठित और फरार चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली गई है। प्रत्येक आरोपी की भूमिका की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि घटना 11 अप्रैल की रात को हुई, जब ब्रिगेडियर और उनके बेटे ने अपने घर के बाहर खड़ी एक कार में दो लोगों के शराब पीने पर आपत्ति जताई थी। कुछ ही देर में अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ब्रिगेडियर और उनके बेटे से मारपीट की और साथ ही उनकी पत्नी से अपशब्द कहे तथा धमकी भी दी थी। केस में दो आरोपी पहले गिरफ्तार किये गये थे लेकिन उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।

# संगठित अपराध नेटवर्क को बड़ा आर्थिक झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ बीसी जितेंद्र उर्फ जीतू की पांच करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क

उत्तर पश्चिम जिले के भारत नगर पुलिस ने संगठित अपराध नेटवर्क को बड़ा आर्थिक झटका देते हुये इलाके के बीसी की लगभग पांच करोड़ की संपत्तियों की कुर्की करवाई है। यह संपत्ति जितेंद्र उर्फ जीतू ने अपनी पत्नी ज्योति के नाम पर खरीदी थी। इसके अलावा चार बैंकों के खाते भी फ्रीज करवाये गये हैं। संपत्ति की कुर्की और बैंक खाते फ्रीज करवाने की यह कार्रवाई ज्वाइंट सीपी उत्तरी रेंज विजय सिंह और स्पेशल सीपी जोन-1 रविंद्र सिंह यादव के नेतृत्व व देखरेख में की गई है।

डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार भारत नगर थाने में संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपी जितेंद्र के खिलाफ धारा 112 बीएनएस के तहत एफआईआर संख्या 270/2025 दर्ज की गई थी। आरोपी जितेंद्र 2004 से आदतन अपराधी है, जो हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और जुआ सहित कई जघन्य मामलों में शामिल रहा है। उसे इलाके का बीसी घोषित किया जा चुका है और जनवरी 2026 में उसे जिले से तड़ीपार कर दिया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी के पास आय के ज्ञात स्त्रोतों के अनुपात में कहीं अधिक संपत्ति जमा हो गई थी, जिसके अपराध से अर्जित होने का संदेह है। आईओ एसआई रवि सैनी ने न्यायालय के समक्ष धारा 107 बीएनएसएस के तहत एक आवेदन प्रस्तुत किया। गत वर्ष छह दिसंबर को संपत्तियों, वाहनों और बैंक खातों की अंतरिम कुर्की का आदेश दिया गया। 10 अप्रैल को रोहिणी कोर्ट ने मुकदमे की समाप्ति तक कुर्की के आदेश की पुष्टि कर दी। संपत्तियों की बिक्री/हस्तांतरण पर रोक लगा दी गई है और बैंक खाते अभी भी फ्रीज हैं। इसके तहत बुनकर कालोनी में अपराधी की अचल संपत्तियां कुर्क की गई है। इसमें ए-408, ब्लॉक-ए, बुनकर कॉलोनी में चार मंजिला पूरी इमारत कुर्क की गई। इसी बिल्ड़िंग के बगल में ए-407, ग्राउंड फ्लोर, बी-483, ब्लॉक-बी, बुनकर कॉलोनी की एक चार मंजिला बिल्डिंग को भी अटैच किया गया है। इसके साथ ही ए-416, ब्लॉक-ए, बुनकर कॉलोनी की तीसरी मंजिल भी कुर्क की गई है। इसके साथ ही एक थार और फॉर्चूनर कार भी जब्त की गई है। चार बैंक खाते फ्रीज किए गए हैं। आरोपी 15 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है। सह आरोपी यानि इसकी पत्नी की भूमिका की भी जांच की गई है। इसकी पत्नी ज्योति ने अपने नाम पर संपत्तियां खरीदकर अपराध से अर्जित धन को रखने और छिपाने में एक माध्यम के रूप में काम किया।

## हत्या के प्रयास केस में वांटेड दो अपराधी मुठभेड़ में अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आदतन अपराधियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जतिन शर्मा (27) और पवन भंडारी (26) विक्की टक्कर गिरोह से कथित रूप से जुड़े हुए हैं और आठ अप्रैल को डाबरी इलाके में एक व्यक्ति को चाकू से वार कर गंभीर रूप से जख्मी करने की वारदात में शामिल थे। डीसीपी कुशल पाल सिंह ने कहा कि पीड़ित के बयान के बाद मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान शर्मा और भंडारी की मुख्य आरोपी के रूप में पहचान हुई थी। पीड़ित ने बाद में पुलिस को बताया कि दोनों ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसे इलाके में दुकान चलानी है तो उन्हें पैसे देने होंगे। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम ने बृहस्पतिवार देर रात धुलसिरस चौक के पास जाल बिछाया और आरोपियों को देर रात 2.10 बजे उस समय रोक लिया, जब वे नजफगढ़ की तरफ से स्कूटर पर आ रहे थे। जब शर्मा को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तो उसने पुलिस टीम पर कथित तौर पर गोली चलाई और एक गोली कांस्टेबल की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी जिससे वह बाल-बाल बच गया। इसके जवाब में कांस्टेबल ने आत्मरक्षा में दो गोलियां चलाई और एक गोली शर्मा के पैर में लगी। बाद में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक पिस्तौल, एक देसी कट्टा, कारतूस और एक चोरी का स्कूटर जब्त किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश, पुत्रः करण सिंह, पताः म. नं. ईई–2645, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने **CC No. 4124/2019, U/s 138 N.I. Act, पुलिस थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 4124/2019, U/s 138 N.I. Act, पुलिस थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
उत्तरी जिला, कमरा नं. 06, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4982/NW/2026

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.-011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE FOR OPEN OF SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, and SEBI/HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated 30th January 2026, Shareholders are hereby informed that a Special Window has been opened only for relodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected/returned/not attended, due to deficiency in the documents/process or other reasons. This relodgement window shall remain open for a period of one year i.e. from 5th February, 2026 till 4th February, 2027.

During this period, the shares/securities that are re-lodged for transfer including those requests that are pending with the Company shall be processed and issued only in dematerialized form, subject to verification and approval of all documents by the Company / Registrar & Share Transfer Agent i.e. Indus Shareshree Private Limited ('RTA').

For clarity with regard to applicability of this special window to transfer deed executed prior to 1st April, 2019, investors/shareholders may refer to the matrix provided below:

| Lodged for transfer before April 01, 2019? | Original Security Certificate Available? | Whether eligible to lodge in the current window? |
|---|---|---|
| No - It is fresh lodgement | Yes | Yes |
| Yes - but it was rejected/ returned earlier | Yes | Yes |
| Yes | No | No |
| No | No | No |

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA. Transfer requests submitted after 4th February, 2027 will not be accepted by the Company/RTA.

Shareholders are requested to send their share transfer requests along with the required documents at the following address:

Indus Shareshree Private Limited
G-65, Bali Nagar New Delhi-110015
Tel. No.: 91 -11-47671200/1214; Toll Free No.: 1800 3094001
Email Id: ippl@indusinvest.com

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary & Compliance Officer

Date: 17.04.2026

## मरीज ने दी अस्पताल की पांचवीं मंजिल से कूदने की धमकी

**नई दिल्ली।** आनंद विहार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती एक मरीज शुक्रवार सुबह पांचवीं मंजिल की बालकनी के बाहरी किनारे पर चढ़ गया और उसने कूदने की धमकी दी। मरीज को बाद में सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल की वीडियों और तस्वीरों में मरीज कैलाश दीपक अस्पताल की पांचवीं मंजिल की बालकनी के किनारे पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है जबकि नीचे भारी भीड़ दिख रही है। पास की एक खिड़की से एक व्यक्ति मरीज से बात करने की कोशिश करता हुआ भी नजर आ रहा है। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उस व्यक्ति ने कूदने की धमकी क्यों दी। अस्पताल अधिकारियों या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा, सुबह 8:40 बजे एक फोन कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद दमकल गाड़ी को तुरंत मौके पर भेजा गया। अस्पताल के कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों ने मरीज को नीचे उतारने की कोशिश की। आधे घंटे से अधिक समय बाद मरीज को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।

# डीएमआरसी ने विश्व सार्वजनिक परिवहन दिवस मनाया, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मेट्रो भवन में विश्व सार्वजनिक परिवहन दिवस 2026 मनाया, जिसमें स्कूली बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार चित्रकला प्रतियोगिता की थीम कल के लिए सार्वजनिक परिवहन विषय था। डीएमआरसी ने कहा कि इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक ट्रांसपोर्ट (यूआईटीपी) से मिले वैश्विक निर्देश के अनुरूप, गर्व के साथ 'विश्व सार्वजनिक परिवहन दिवस 2026 मनाया है। इस अवसर पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार और डीएमआरसी के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी सिंह, यूआईटीपी भारत की प्रमुख रूपा नंदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। जानकारी अनुसार इस कार्यक्रम के तहत डीएमआरसी ने जन परिवर्तन एनजीओ के लगभग 100 बच्चों के लिए एक विशेष ट्रेन यात्रा का भी आयोजन किया। इस पहल ने युवा प्रतिभागियों को सार्वजनिक परिवहन के लाभों को समझने में मदद की और उन्हें यात्रा की टिकाऊ आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। ट्रेन यात्रा के बाद बच्चे मेट्रो भवन में एकत्रित हुए और बेहतर कल के लिए सार्वजनिक परिवहन विषय पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता ने रचनात्मकता को प्रेरित करने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल यात्रा विकल्पों के महत्व को भी सुदृढ़ किया। इस अवसर पर जीसस एंड मैरी कॉलेज और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने इन बच्चों के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। जिसमें सार्वजनिक परिवहन के महत्व को उजागर किया गया। उनके प्रदर्शन बच्चों को सीधे तौर पर जोड़ने और यात्रा की टिकाऊ आदतों के संदेश को एक संवादात्मक और यादगार तरीके से उन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुए। इसके अतिरिक्त, सभी मेट्रो स्टेशनों पर डिजिटल बैनर प्रदर्शित किए गए। इन बैनरों ने सार्वजनिक परिवहन के महत्व पर ज़ोर दिया और यात्रियों को भीड़ भाड़, प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में उनकी भूमिका की याद दिलाई। इस सप्ताह सभी मेट्रो स्टेशनों पर इस संबंध में घोषणाएं भी की जा रही हैं। इन पहलों के माध्यम से डीएमआरसी ने बेहतर कल के लिए यूआईटीपी के दृष्टिकोण का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। बच्चों, छात्रों और यात्रियों सभी को इस कार्यक्रम से जोड़कर, नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन को यात्रा के एक स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ माध्यम के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि साल 1885 में स्थापित यूआईटीपी, एक विश्वव्यापी संस्था है जो सार्वजनिक परिवहन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नीतियां बनाने के लिए समर्पित है।

## दिल्ली सरकार न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए निरंतर कर रही कार्य : इंद्राज

**नई दिल्ली।** बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की विचारधारा को आत्मसात करते हुए दिल्ली सरकार एक समावेशी, सशक्त और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह बात कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने शुक्रवार को रोहिणी सेक्टर-20 स्थित एनपीपीएल पार्क में एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुएकही। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री इंद्राज ने कहा कि बाबा साहब साहब द्वारा रचित संविधान देश के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिक के अधिकारों और सम्मान की गारंटी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' बाबासाहेब का यह अमूल्य संदेश आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि बाबा साहेब की 136वीं जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल तक कर्तव्य पथ पर आयोजित पांच दिवसीय 'भीम ज्योति उत्सव-2026' का भी उल्लेख किया।

# सबसे गर्म सुबह के बाद धूल भरी आंधी, शाम को झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ भीषण गर्मी से मिली राहत

दिल्ली में शुक्रवार की सुबह जहां इस सीजन की सबसे गर्म सुबह के रूप में दर्ज हुई। वहीं दिन भर आसमान पर बादल छाए रहे और बाद में धूल भरी हवाओं के बाद कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। शाम के समय शुरू हुई बारिश देर रात तक रूक रूक कर होती रही। बारिश के चलते दिल्ली एनसीआर में सड़कों पर जाम ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया। दोपहर बाद दिल्ली के आसमान पर बादलों के छाने से दिन में रात होने का भ्रम दिखाई दिया। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया था। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस गर्मियों के सीजन में अभी तक का सर्वाधिक है। वहीं इस सीजन में दिल्ली का अधिकतम तापमान भी शुक्रवार को 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शुक्रवार को हुई तेज बारिश ने राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। सोशल मीडिया एक्स पर कई ऐसे विडियो क्लिप पोस्ट हुए जिसमें दिखाया गया कि बारिश में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे जिसका उद्घाटन 14 अप्रैल 2026 को हुआ था वह भी जाम की समस्या से जूझता नजर आया। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक व इस सीजन का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। वहीं न्यूनतम तापमान बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा व इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शनिवार व रविवार को आसमान में बादल छाए रह सकते है। लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिलेगी और तापमान 40-41 डिग्री तक रह सकता है।

## सचदेवा के बाद विधानसभा अध्यक्ष को जेड प्लस सुरक्षा ने साबित किया दिल्ली असुरक्षितः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को जेड प्लस सुरक्षा देना साबित करता है कि राजधानी असुरक्षित है। सचदेवा व गुप्ता को दी गई जेड प्लस सुरक्षा का सीधा मतलब है कि दिल्ली में आम आदमी तो क्या नेता तक सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सवाल उठता है कि फिर दिल्ली की जनता को सुरक्षा प्रदान करना सरकार की सर्वोपरि प्राथमिकता में क्यों नहीं है। यादव ने दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार विधायी प्रक्रिया की गरिमा बनाये रखने की आड़ में अपने नेताओं को जैड प्लस सिक्योरिटी दे रही है जिसकी निंदा की जानी चाहिए। मैं केन्द्रीय गृह मंत्रालय से पूछना चाहता हुं कि आईएसआई से धमकी भरे ईमेल की क्या सुरक्षा एजेंसियों ने जांच भी की है। अगर जांच की है तो उसको सार्वजनिक क्यों नही किया गया। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष, लोकतांत्रिक संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों व अन्य संस्थानों को बम से उड़ाने की लगातार धमकी मिलने के बावजूद कोई कार्यवाही नही होना सुरक्षा एजेंसियां की विफलता को दर्शाता है। दिल्ली सरकार का कहना कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा की सुरक्षा अहम नहीं है क्या। इसका मतलब दिल्ली की जनता पर खुलेआम बढ़ते अपराधों, अराजकता अत्याचार, लूट, डकैती, गोलीबारी, अपहरण, महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी घटनाएं घट रही है, उनकी सुरक्षा किसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थानों और संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों को सुरक्षा प्रदान करने से हमें कोई परहेज नही है।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
सीआईएनः L31300DL1964PLC004255, वेबसाइटः www.deltoncables.com
ई–मेलः secretarial@deltoncables.com फोनः 0129–4523000

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः जमा करने के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी मास्टर सर्कुलर नंबर HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026, दिनांक 06 फरवरी, 2026 के अनुसार, कंपनी के शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 01 अप्रैल, 2019 से पहले बिक्री या खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमटेरियलाइजेशन के लिए एक स्पेशल विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक साल के लिए खुली रहेगी।

यह स्पेशल विंडो उन हस्तांतरण विलेख को पुनः जमा करने के लिए भी उपलब्ध होगी जो मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा की गई थीं, लेकिन दस्तावेज़ों या प्रक्रियाओं की खामियों या किसी अन्य कारणों से रद्द कर दी गई थी, वापस लौटा दी गई थी, या उन पर ध्यान नहीं दिया गया।

इस विंडो के अंतर्गत प्रोसेस की गई सभी प्रतिभूतियां सिर्फ डीमैटेरियलाइज़्ड फॉर्म में जारी की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की दिनांक से एक साल के अनिवार्य लॉक–इन पीरियड के अधीन होंगी, जिसके दौरान ऐसी प्रतिभूतियों को सेबी के लागू नियमों के अनुसार हस्तांतरित, ग्रहणाधिकार अंकित (लियन मार्क्ड) या गिरवी नहीं रखा जाएगा।

कृपया ध्यान दें किः

- हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादित मामले इसके पात्र नहीं होंगे और उन्हें न्यायालय / एनसीएलटी जैसे सही न्यायिक फोरम के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए।
- निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष ("IEPF") में पहले से हस्तांतरित की गई प्रतिभूतियां इस सुविधा के अंतर्गत प्रोसेसिंग के लिए पात्र नहीं हैं।

शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे डॉक्यूमेंटेशन और सबमिशन प्रोसेस पर मार्गदर्शन के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज़ (प्रा.) लिमिटेड (संपर्क विवरण नीचे दिए गए हैं) से संपर्क करें।

**भौतिक शेयर प्रमाणपत्र का केवाईसी अपडेट और डीमटेरियलाइजेशन**

भौतिक रूप में शेयरधारकों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे www.deltoncables.com पर मौजूद केवाईसी फॉर्म्स का प्रयोग करके अपने केवाईसी विवरण, जिसमें पैन, डीमैट अकाउंट नंबर, बैंक अकाउंट नंबर, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर और नॉमिनी की जानकारी शामिल हैं, अपडेट करें। कृपया अपने फोलियो के लिए अपनी केवाईसी और नॉमिनेशन विवरणों को अपडेट करने के लिए नीचे दिए गए डॉक्यूमेंट्स / डिटेल्स को ठीक से भरकर साइन करें और केवाईसी सबमिट करें।

- फॉर्म आईएसआर–1: भरा और हस्ताक्षरित, सेल्फ–अटेस्टेड केवाईसी डॉक्यूमेंट्स के साथ;
- फॉर्म आईएसआर–2: भरा और हस्ताक्षरित, आपके हस्ताक्षर बैंकर द्वारा अटेस्टेशन के साथ मूल कैंसल्ड चैक सहित;
- फॉर्म आईएसआर–13: नॉमिनी जोड़ने के लिए; या फॉर्म आईएसआर–3: यदि आप नॉमिनेशन से बाहर निकलना चाहते हैं। शेयरधारकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने भौतिक फॉर्म में रखे शेयरों को डीमटेरियलाइज कर लें, क्योंकि भौतिक मोड में रखे शेयरों का हस्तांतरण बंद कर दिया गया है। मदद के लिए, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज़ (प्रा.) लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 से ईमेल beetalrta@gmail.com पर या कंपनी से secretarial@deltoncables.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/–
जितेंन्द्र कुमार
कंपनी सचिव एवं सामान्य अधिवक्ता
सदस्यता संख्याः ए30349

दिनांकः 17 अप्रैल, 2026
स्थानः फरीदाबाद

## खबर संक्षेप

### एनडीएमसी अध्यक्ष ने 20 'गॉब्लर' मशीनों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने शुक्रवार को झाड़-मुक्त शहर बनाने के प्रमुख अभियान के अंतर्गत पालिका केंद्र, नई दिल्ली से 20 कूड़ा उठाने वाली विशेष मशीनों 'गॉब्लर' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गॉब्लर मशीनों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव ने कहा कि परिषद ने 'झाड़ू-मुक्त शहर' पहल के अंतर्गत उन्नत कूड़ा-संग्रहण मशीनों की तैनाती के साथ शहरी स्वच्छता के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का उद्देश्य स्मार्ट और तकनीक-आधारित समाधानों को अपनाकर मैनुअल सफाई पर निर्भरता को कम करना, कार्यकुशलता बढ़ाना, सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सतत शहरी प्रयासों को बढ़ावा देना है।

### डीडीए ने हरित मंथन 2026 राष्ट्रीय हैकाथॉन का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टार्टअप इकोसिस्टम, उधमोदय फाउंडेशन के सहयोग से शुक्रवार को हरित मंथन 2026 नामक एक राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन का शुभारंभ किया। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस कार्यक्रम को मुख्य उद्देश्य अर्बन बायोडायवर्सिटी और ग्रीन स्पेस मैनेजमेंट के लिए अभिनव समाधान विकसित करना है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 17-18 अप्रैल, 2026 को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। करीब 16,000 एकड़ से अधिक के पार्कों, बायोडायवर्सिटी ज़ोन और शहरी जंगलों का प्रबंधन करने वाला डीडीए, देश के सबसे बड़े अर्बन इकोलॉजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर संरक्षकों में से एक है।

## इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देकर दिल्ली को बनाएंगे प्रदूषण मुक्त और आधुनिक

# सीएम रेखा गुप्ता ने 200 ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

### मुख्यमंत्री ने मदनपुर खादर बस टर्मिनल का लोकार्पण तथा डिपो के नव-निर्मित प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त दिल्ली के निर्माण की दिशा में शुक्रवार को ईस्ट विनोद नगर स्थित डीटीसी डिपो से 200 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिल्ली–रोहतक अंतरराज्यीय ई-बस सेवा की शुरुआत, मदनपुर खादर बस टर्मिनल का लोकार्पण तथा डिपो के नव-निर्मित प्रशासनिक भवन का भी उद्‌घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हमारी सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और दिल्ली निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों





की ओर बढ़ रही है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य गणमान्य जन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्रत्येक पहल का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी, स्वच्छ वातावरण और आधुनिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आज का दिन विशेष है, क्योंकि एक साथ चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि नई बसों में बड़ी संख्या देवी बसों की है, जो दूरस्थ और संकरी गलियों तक पहुंचकर आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करेंगी। साथ ही दिल्ली-रोहतक अंतरराज्यीय बस सेवा के शुभारंभ से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने मदनपुर खादर बस टर्मिनल के उद्‌घाटन को यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया, जिससे परिवहन सेवाएं अधिक व्यवस्थित होंगी। मुख्यमंत्री ईस्ट विनोद नगर डिपो में नव-निर्मित प्रशासनिक भवन के उद्‌घाटन का भी उल्लेख किया और कहा कि बेहतर सुविधाओं से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है। इस भवन में बायोमेट्रिक सिस्टम और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई है, जिससे चालक सुरक्षित और स्वस्थ स्थिति में बसों का संचालन कर सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। मुख्यमंत्री के अनुसार अगले चार वर्षों के लिए 4 हजार करोड़ रुपये का विशाल बजट निर्धारित किया गया है, जिसके तहत न केवल निजी वाहनों को प्रोत्साहन और रोड टैक्स में छूट दी जा रही है, बल्कि अब स्कूल बसों और वाणिज्यिक वाहनों को भी चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक में बदलने की योजना तैयार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि होलंबी कलां में एक विशाल 'ईवी वेस्ट डिस्पोजल प्लांट' स्थापित किया जाएगा ताकि भविष्य में ई-वाहनों की बैटरियों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर प्रकृति को सुरक्षित रखा जा सके।

### विश्वस्तरीय, सुरक्षित और सुलभ परिवहन के लिए प्रतिबद्ध दिल्ली सरकार : डॉ. पंकज

इस अवसर पर परिवहन व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज दिल्ली के परिवहन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। 200 नई इलेक्ट्रिक बसों को डीटीसी बेड़े में शामिल करना, दिल्ली-रोहतक इंटरस्टेट इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ, मदनपुर खादर में नए बस टर्मिनल और ईस्ट विनोद नगर डिपो में आधुनिक प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन, हमारी सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जिसके तहत हम दिल्ली की जनता को सुरक्षित, सुलभ और विश्वस्तरीय परिवहन सुविधाएँ प्रदान करना चाहते हैं। मंत्री पंकज ने कहा कि आज दिल्ली देश में इलेक्ट्रिक बसों के क्षेत्र में अग्रणी बन चुका है और हम इस बेड़े को और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि प्रदूषण में कमी लाई जा सके और यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके। डॉ. पंकज सिंह के अनुसार हमारी सरकार का लक्ष्य केवल बसों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि पूरे परिवहन तंत्र को आधुनिक, कुशल और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

### नई ईवी बसों से बेहतर होगा सफर

नई 200 बसों के साथ ही राजधानी में कुल बस बेड़ा लगभग 6 हजार 300 से अधिक हो गया है, जिसमें 4500 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं, जिससे दिल्ली देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा रखने वाला शहर बन गया है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2028-29 तक इस संख्या को बढ़ाकर लगभग 14 हजार बसों तक पहुंचाना है। ये बसें सीसीटीवी कैमरा, पैनिक बटन, रियल-टाइम ट्रैकिंग और दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

### दिल्ली-रोहतक अंतरराज्यीय ई-बस सेवा का शुभारंभ

दिल्ली सरकार द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करते हुए दिल्ली-रोहतक ई-बस सेवा की शुरुआत की गई। इससे पहले दिल्ली-सोनीपत, पानीपत, धारूहेड़ा और बड़ौत सहित कई रूटों पर सेवाएं संचालित की जा रही हैं। नई सेवा का रूट आईएसबीटी कश्मीरी गेट/पीरागढ़ी से टिकरी बॉर्डर होते हुए बहादुरगढ़ और रोहतक तक निर्धारित किया गया है।

### मदनपुर खादर बस टर्मिनल का लोकार्पण

मदनपुर खादर (कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के निकट) स्थित आधुनिक बस टर्मिनल में 3 बस बे और 2 यात्री शेड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, साथ ही एक समय में लगभग 6 बसों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए टॉयलेट और पास सेक्शन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। दिव्यांगजन के लिए विशेष रूप से अनुकूल रैंप बनाया गया है तथा जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली भी स्थापित की गई है। इस टर्मिनल से विभिन्न रूटों पर बस सेवाओं का संचालन प्रस्तावित है।

### दिल्ली के नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स पहल को मिला सिक्किम का समर्थन : विजेंद्र

नई दिल्ली। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) ने प्रस्तावित नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स (एनएलआई) के प्रति अपना समर्थन जताया है। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को दी है। गौरतलब है कि सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लिखे पत्र में इस पहल को दूरदर्शी और उपयोगी बताया। साथ ही, उन्होंने विधायी संस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम के लिए दिल्ली विधानसभा को बधाई दी। नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स (एनएलआई) एक संरचित एवं तुलनात्मक ढांचा है, जिसके माध्यम से विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के कार्य-प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। इसमें बैठकें, कार्य घंटे, बहस की उत्पादकता तथा समितियों की प्रभावशीलता जैसे मानकों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता, आत्म-मूल्यांकन, सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने तथा विधानसभाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। सीएम तमांग ने कहा कि उत्पादकता, पारदर्शिता और नवीनताओं जैसे मानकों पर विधानसभाओं का आकलन करना समय की मांग है। उन्होंने जोर दिया कि भविष्य के अनुरूप और अधिक उत्तरदायी बनने के लिए विधायी संस्थाओं को डेटा-आधारित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है।

## उपराज्यपाल ने निगमायुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारियों संग की बैठक, दिया निर्देश, जमीनी हकीकतों से पूरी तरह जुड़े रहें सभी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को लोक निवास में दिल्ली नगर निगम के आयुक्त आईएएस संजीव खिरवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की एक अहम बुलाई। बैठक में एलजी ने निगम की वर्तमान में चल रही व आगामी परियोजनाओं को लेकर समीक्षा की। इस मौके पर एलजी ने आयुक्त से कहा कि निगम का कार्य साफ सफाई का ही नहीं होता बल्कि अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य भी निगम की जिम्मेदारी में शामिल है। एलजी ने चर्चा में सेवा वितरण को सुदृढ़ बनाना, पुरानी समस्याओं का समाधान करना और सभी जोनों में प्रवर्तन व



जवाबदेही को बढ़ाना प्रमुखता में रखा। एलजी ने आयुक्त सहित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जमीनी हकीकतों से पूरी तरह जुड़े रहें और जनसेवा संबंधी अपेक्षाओं में मौजूद कमियों को जल्द जल्द दूर करने के लिए कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निगम की पहली प्राथमिकता में जनता की प्रतिक्रियाओं के प्रति सदैव तत्पर रहना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी आवश्यक सेवाओं को कुशलतापूर्वक और निर्धारित समय-सीमा के भीतर जनता को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एलजी ने कहा कि इसके साथ ही, एक स्वच्छ और अधिक जवाबदेह शहर के निर्माण में आने वाली परिचालन चुनौतियों से निपटने के लिए हम अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

एलजी ने कहा कि हमें मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी के सपने की विकसित दिल्ली बनाने की दिशा में तेजी से व गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य करने होंगे। निगम के अधीन सफाई, प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पार्क, डेयरी आदि अनेक कार्यों की अहम जिम्मेदारियां है।

### विश्व हीमोफीलिया दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

नई दिल्ली। विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने भगवान महावीर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर एवं जागरूकता सत्र का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने इस तरह के सार्थक पहल के आयोजन के लिए डॉक्टरों, मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स और स्वास्थ्यकर्मियों के महत्वपूर्ण प्रयासों की दिल खोलकर सराहना की। उन्होंने डॉक्टरों और मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स को स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकार की तरफ से पूरा सहयोग और सहायता देने का भरोसा दिया। मंत्री पंकज ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो दूसरों की जीवन बचाता है। ऐसी पहलें न केवल जरूरतमंद मरीजों की आपातकालीन हालात में सहायता करती हैं, बल्कि हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र में जागरूकता और विश्वास को भी मजबूती प्रदान करती हैं।



UP TO ₹7,500 INSTANT DISCOUNT# SBI card
#Min. Trxn.: ₹1,00,000; Max. Discount: ₹7,500 per card; Valid on one Trxn. per card; Validity: 13 Apr - 19 Apr 2026. T&C Apply.
Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677
Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

## खबर संक्षेप

### सीएम उड़न दस्ता ने गोदाम का किया निरीक्षण



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भगत सिंह कालोनी बल्लभगढ़ में परचून की दुकान पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरी जाती है व अवैध रुप से गैस सिलेंडरों का स्टॉक किया हुआ है। इस संबंध में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद की सूचना पर आदर्श उप-निरीक्षक निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रमोद यादव द्वारा चलाई जा रही परचून की दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर प्रमोद यादव द्वारा अपनी दुकान पर अवैध रूप से बड़े घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में गैस भरने का काम किया जा रहा था। इन सभी गैस सिलेंडरो को जब्त करके नजदीकी एचपी गैस एजेंसी पर जमा कराया गया है। गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जिला फरीदाबाद में गैस एजेंसियों द्वारा गैस उपभोक्ताओ को गैस सिलेण्डर देने में अनयिमितताए बरती जा रही है।

### अवैध हथियार रखने के मामले में 2 आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आशिफ निवासी हुसैनी मथुरा उप्र हाल किशन मजदुर कॉलोनी फरीदाबाद को बाई पास रोड, सेक्टर-37 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी का पूर्व में भी अपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी के खिलाफ चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज है। अपराध शाखा एवीटीएस- 2 की टीम ने साहिल निवासी पल्ला फरीदाबाद को देसी कट्टा सहित पक्का पुल बाई पास रोड फरीदाबाद के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे गहलोत की शोक सभा में

## चौटाला ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व डिप्टी स्पीकर स्वर्गीय गोपीचंद गहलोत के निवास स्थान पर आयोजित शोक सभा में हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विदित हो कि गहलोत का 11 अप्रैल 2026 को स्वर्गवास हो गया था। यहां पहुंचे दुष्यंत चौटाला ने बताया कि गोपी चंद ने मेरे परदादा चौधरी देवीलाल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके संघर्ष के दिनों में काम किया। गोपी

- पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के भाई कैप्टन रुद्रसेन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

चंद जी से मुझे बचपन से ही बहुत कुछ सीखने को मिला है। वो दक्षिण हरियाणा की एक बुलंद आवाज थे। उनके जाने से सर्व समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है। वो प्रत्येक व्यक्ति के सुख दुख में एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।

दुष्यंत चौटाला ने दिवंगत आत्मा





की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान दिल्ली के विधायक कुलदीप सोलंकी, विधायक संदीप सहरावत, हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं विधायक जगदीश नैयर, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के भाई कैप्टन रुद्रसेन, गुरुग्राम के पूर्व विधायक सुधीर सिंगला, पूर्व विधायक प्रवीण डागर, हरियाणा के पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल, पूर्व एसपी चौधरी सज्जन सिंह गुरुग्राम भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी , पूर्व मेयर मधु आजाद, निगम पार्षद दलीप साहनी, पार्षद अनूप सिंह, पार्षद मनीष वरिजाबाद, पार्षद प्रथम प्रवीण चंद्रा, पूर्व पार्षद महेश दायमा , पूर्व पार्षद लखपत कटारिया, पूर्व पार्षद धर्मबीर भगौरिया, पूर्व चेयरमैन मेहरचंद गहलोत, पूर्व चेयरमैन महेश चौहान, पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा, पूर्व कमिश्नर धर्मवीर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव, अत्तर सिंह संधू , प्रदीप गुज्जर भाजपा वरिष्ठ नेता मुकेश जेलदार, रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश गुगलानी, सेक्रेटरी विकास कुमार , भाजपा नेता मनोज तंवर, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय दलाल, झाड़सा कृष्ण मंदिर के प्रधान मनोज जेलदार, पूर्व डीओ विष्णुदत्त शर्मा, इनेलो नेता राकेश शर्मा देशराज डागर कपिल त्यागी, सरपंच मिहिरचंद आदि ने गहलोत की शोक सभा में उपस्थित होकर उन्हें याद किया।

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने ओल्ड फरीदाबाद में 3.5 करोड़ से कन्या विद्यालय के नए भवन का भूमि पूजन किया

# यह निर्माण बेटियों के सपनों को नई उड़ान देगा और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा: मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रदेश के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में 3.5 करोड़ की लागत से बनने वाले डबल स्टोरी भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इस पहल को शिक्षा और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक भवन के निर्माण की शुरुआत नहीं है बल्कि यह भविष्य के निर्माण का एक पावन और ऐतिहासिक क्षण है। यह भवन हमारी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

प्रदेश के राजस्व मंत्री विपुल गोयल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में 3.5 करोड़ की लागत से बनने वाले भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित किया, पार्षद शैफाली सिंगला, भाजपा नेता करण सिंगला भी उपस्थित रहीं।



और सशक्त समाज की मजबूत नींव बनेगा। यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्राएं आगे चलकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने कहा कि किसी भवन का निर्माण करना एक सामान्य प्रक्रिया हो सकती है लेकिन किसी विद्यालय का निर्माण एक दूरदर्शी सोच और राष्ट्रहित की भावना का प्रतीक होता है। यह वह सोच है जो आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है। इसी दृष्टिकोण के साथ फरीदाबाद को एक विकसित आधुनिक और ग्लोबल सिटी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे केवल शिक्षा तक सीमित न रहें बल्कि अपने भीतर जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करें। पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर ध्यान दें और अपने छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में बड़ा बदलाव लाने का प्रयास करें। अंत में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज का यह भूमि पूजन उन सपनों की नींव है जिन्हें हमारी बेटियां अपने भविष्य के लिए देखती हैं।

यह एक ऐसे भारत की शुरुआत है जहां हर बेटी को समान अवसर सम्मान और आगे बढ़ने का अधिकार प्राप्त होगा। उन्होंने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा और नारी सशक्तिकरण के इस अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य मंजुला चौधरी और डीईओ अंशु सिंगला सहित पार्षद शैफाली सिंगला, कर्ण सिंगला, मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी, रिंकू सिलानी पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद विनोद भाटी, पार्षद सचिन शर्मा,पार्षद कुलदीप साहनी, पार्षद नरेश नंबरदार, पार्षद प्रियंका बिष्ट, परवीन चौधरी जिला महामंत्री भाजपा, सोनू पाराशर, प्रवेश मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त शिक्षण स्टाफ भी मौजूद रहा और सभी ने इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए इसे बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

# ट्रैवलर बस ने थार व मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर आईपीईएम कॉलेज के एग्जिट प्वाइंट पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई।

दुर्घटना शुक्रवार की तड़के लगभग पांच बजे हुई। कुछ युवक थार कार रोड पर खड़ी कर मोटर साइकिल सवार से रास्ता पूछ रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रैवलर बस ने उनको टक्कर मार दी।

एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि युवक अपनी थार गाड़ी को एक्सप्रेसवे के एग्जिट प्वाइंट पर रोके हुए थे और किसी बाइक सवार से रास्ता पूछ रहे थे। इसी दौरान, सवारियों से भरी एक ट्रैवलर बस अनियंत्रित होकर सीधे युवकों से जा टकराई। बस चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह दुर्घटना होने की बात सामने आ रही है, वह समय रहते ब्रेक नहीं लगा पाया।



तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम दीपक पुत्र हरिवंश लाल, नवीन पुत्र स्व. स्वराज कुमार व योगेश बाइक चालक हैं ।
इसके अलावा टैम्पो ट्रैवलर विरेन्द्र निवासी दिल्ली मूलतः निवासी अमेठी है को हिरासत में ले लिया गया है । मृतकों के परिवार जनो को सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विधायक मूलचंद शर्मा ने पुलिस चौकी वाली सड़क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने आज सेक्टर-3 स्थित पुलिस चौकी वाले रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक मूलचंद शर्मा ने बताया कि सेक्टर-3 का पुलिस चौकी वाला रोड जल्द ही डबल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुगम होगी और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

उन्होंने मौके पर निर्माणाधीन नाले के कार्य का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के

- विधायक ने विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



मौसम से पहले-पहले नाले का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नाले के निर्माण के साथ-साथ सडक़ के चौड़ीकरण का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा। सडक़ के बीच में आ रहे बिजली के खंभों और पानी की लाइन को भी जल्द से जल्द शिफ्ट कराया जाएगा, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। विधायक ने बताया कि निर्माणाधीन नाले के दूसरी ओर, जहां से अवैध कब्जे हटाए गए हैं, यह डबल रोड एफएमडीए (फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण) द्वारा बनाया जाएगा, जिससे सेक्टर-3 सहित आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

**अलंकित लिमिटेड**
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankit.in Email for investors: investor@alankit.com
Tel No.: 011-42541234/904

**सूचना**
विषय : फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो
सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, लिस्टेड कम्पनियों के फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु एक स्पेशल विंडो उपलब्ध करवाई गई है।
यह सुविधा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे/खरीदे गये शेयरों के लिए उपलब्ध है और 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।
कम्पनी के फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स धारण करने वाले शेयरधारकों को निर्धारित अवधि के अंदर इस अवसर का लाभ उठाने का परामर्श दिया जाता है।
विवरण हेतु : www.alankit.in | ई-मेल आईडी investor@alankit.com आरटीए अलंकित असाइनमेंट्स लि., फोन : 011-42541100, | ई-मेल आईडी jksingla@alankit.com

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 16 अप्रैल, 2026
स्थान : नई दिल्ली

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

**Advt. No. R&P/319/2026** **Date: 17.03.2026**
Online applications are invited in the prescribed Application Form from the eligible candidates for appointment to the post of **Assistant Professor**, in the Academic Pay Level 10 as per 7th Central Pay Commission Pay Matrix, in Department of **Computer Engineering, Electrical Engineering, and Electronics and Communication Engineering, Faculty of Technology,** University of Delhi. The last date for receipt of application is two weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment News. For details, please visit the University website **www.du.ac.in** and click "Advertisement Departments" under the Head "Work with DU".
**Any addendum/corrigendum shall be posted only on the University website.**

REGISTRAR
CBC 21231/12/0008/2627

## कार्यक्रम में आसपास के गांवों से सरपंच, व पूर्व सरपंच ने शिरकत की

# स्व. ओम प्रकाश मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

रोहतक के तैमूरपुर (जेठपुर) गांव में दिवंगत समाजसेवी स्वर्गीय ओम प्रकाश मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार की ओर से गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च विद्यालय (पहली से आठवीं कक्षा तक) के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सभी कक्षाओं के 24 विद्यार्थियों के अलावा अन्य कई प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

साथ ही परिवार की ओर से यह घोषणा की गई कि हर साल इस दिन स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति अधिक लगन पैदा हो। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से सरपंच, पूर्व सरपंचों ने बतौर अतिथि शिरकत की। एक साल पूर्व दिवंगत हुए ओम प्रकाश मेहरा की याद में



परिवार की ओर से उनकी प्रथम पुण्यतिथि से गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च विद्यालय के होनहार बच्चों का सम्मान करने की रीत शुरू की गई। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों चिमनी गांव से ठेकेदार कप्तान सिंह, बल्लब गांव के पूर्व सरपंच बिजेंद्र अहलावत, मसूदपुर गांव के पूर्व सरपंच नरेश कुमार का जेठपुर गांव के पूर्व सरपंच रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच विनोद कुमार ने स्वागत किया गया।

## निःशुल्क जांच परामर्श सर्जरी और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं

# बिना चीरे दूरबीन विधि से ऑपरेशन, तेजी से रिकवरी और सुनने की क्षमता में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

अवेकनिंग इंडिया फाउंडेशन और हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क ईएनटी कैंप ने आर्थिक रूप से कमजोर 11मरीजों के कानों के पर्दे बनाये गए।

कैम्प के आयोजक डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि बिना चीरे दूरबीन विधि से ऑपरेशन, तेजी से रिकवरी और सुनने की क्षमता में सुधार हुआ है। इस अवसर पर समापन समारोह का भी आयोजन किया गया। डॉ. त्यागी ने बताया कि इस विशेष शिविर में एंडोस्कोपिक



कार्टिलेज टिंपनोप्लास्टी जैसी अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीक का उपयोग किया गया। सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें बिना बड़े चीरे के ही दूरबीन विधि के माध्यम से कान के पर्दे की मरम्मत की जाती है। इससे मरीजों को कम दर्द होता है और उनकी रिकवरी भी तेजी से होती है। इस प्रक्रिया से मरीजों की सुनने की क्षमता में भी काफी सुधार देखने को मिलता है, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाता है। कैंप का मुख्य उद्देश्य उन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा, जो आर्थिक तंगी के कारण महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर पाते। इस पहल के तहत मरीजों को निःशुल्क जांच, परामर्श, सर्जरी और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही ऑपरेशन के बाद की देखभाल और जरूरी सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि मरीज जल्द से जल्द पूरी तरह स्वस्थ हो सकें।

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

**विज्ञा. सं. आर एंड पी/316/2026** **दिनांक : 17.03.2026**
**कम्प्यूटर साइंस, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान** विभागों, दिल्ली विश्वविद्यालय में 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग पे मैट्रिक्स के शैक्षणिक पे लेवल-10 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि *एम्प्लॉयमेंट न्यूज* में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह है। विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.du.ac.in** पर पधारें और शीर्षक "Work with DU" के तहत "Advertisement-Departments" पर क्लिक करें।
कोई परिशिष्ट / शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय वेबसाइट पर डाला जाएगा।

सीबीसी-21231/12/0002/2627 रजिस्ट्रार

## समीक्षा बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद व मानेसर के अधिकारियों को दिए निर्देश

# इस बार मानसून के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो: मंत्री विपुल गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में गुरुग्राम, फरीदाबाद और मानेसर के अधिकारियों के साथ मानसून तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार मानसून के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निकाय मंत्री ने कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई व मरम्मत कार्य मानसून से पहले



पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में पंप, मशीनरी और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि नहीं होनी चाहिए। मंत्री विपुल गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्ट्रे कैटल फ्री अभियान को प्रभावी रूप से चलाने तथा फरीदाबाद रोड को मलबा मुक्त करने के निर्देश भी दिए। बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद और मानेसर नगर निगमों द्वारा मानसून को लेकर की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जलभराव संभावित स्थानों की पहचान, ड्रेनों की सफाई, स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन की स्थिति, सीवरेज व्यवस्था और रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम में कुल 159 जलभराव संभावित स्थान चिन्हित किए गए हैं।

## स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों के टीचर्स को सम्मानित किया

# रॉयल पब्लिक स्कूल में दसवीं के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

रॉयल पब्लिक स्कूल वजीरपुर के कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड के वार्षिक परीक्षा परिणाम पर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मेधावी छात्रों का प्रोत्साहन समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह चौहान ने स्कूल का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहनाकर और कलम भेंट करके उनका उत्साहवर्धन किया।

साथ ही शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर सेक्टर-95 ने सत्र 2025-2026 सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा मंह उत्कृष्ट परिणाम हासिल करके एक बार फिर एक नए मापदंड और अपनी शैक्षणिक अकादमिक, प्रतिभा, प्रतिबद्धता को साबित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। जिसमें छात्रों ने अकादमी और सह शैक्षणिक, दोनों क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम में प्रत्येक विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इनमें हिंदी विषय के छात्रों की संख्या 51, अंग्रेजी के 38, गणित के 26, विज्ञान के 16, सामाजिक विज्ञान के 39, कृत्रिम बुद्धिमता के छात्रों की संख्या 77 रही। छात्रों का आंकलन में 90-100 प्रतिशत अंक लेने वाले 38 छात्र, 80-89 प्रतिशत अंक लेने वाले विद्यार्थी 59 और 70 से 79 प्रतिशत अंक लेने 76 छात्र रहे। सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य डा. विजय सिंह चौहान ने कहा कि बच्चों ने स्कूल का नाम रोशन किया है।

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

**विज्ञा. सं. आर एंड पी/314/2026** **दिनांक : 12.03.2026**
हिन्दू अध्ययन हेतु केन्द्र, दिल्ली विश्वविद्यालय में 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग पे मैट्रिक्स के शैक्षणिक पे लेवल-10 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि *एम्प्लॉयमेंट न्यूज* में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह है। विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.du.ac.in** पर पधारें और शीर्षक "Work with DU" के तहत "Advertisement-Departments" पर क्लिक करें।
कोई परिशिष्ट / शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय वेबसाइट पर डाला जाएगा।

सीबीसी-21231/12/0011/2627 रजिस्ट्रार

# समस्याओं को लेकर जनता के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं अधिकारी

**खबर संक्षेप**

## दो संगठनों के विवाद में जमकर हुआ पथराव



**वाराणसी।** यहां चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया में आंबेडकर व केशरिया झंडा उतारने को लेकर दूसरे दिन भी बवाल हो गया। विवाद में जमकर पत्थरबाजी हुई। जिसमें एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना का सिर फट गया। घायल एसीपी सारनाथ को तुरंत अस्पताल भेजा गया। पत्थरबाजी में 1 दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

## शराबबंदी के नुकसान गिनाने लगे विधायक



**पटना।** नीतीश कुमार के सीएम पद से हटते ही शराबबंदी कानून पर शोर मचने लगा है। सरकार में शामिल दलों के विधायक ही शराबबंदी से होने वाले नुकसान गिनाने लगे हैं। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के बाद जदयू के विधायक अनंत सिंह ने भी शराबबंदी को समाप्त करने की वकालत की है। कहा है कि शहर से गांव तक लोग शराब पी रहे हैं। इसलिए शराबबंदी कानून को हटाकर इसे चालू कर देना चाहिए।

## धनबाद में बिजली संकट पर भाजपा का हल्ला बोल



**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद में भीषण गर्मी के बीच जारी अघोषित बिजली कटौती और बेतहाशा बढ़ते बिल के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने आंदोलन छेड़ दिला है। शुक्रवार को भाजपा धनबाद महानगर एवं ग्रामीण जिला इकाई के तत्वावधान में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक और कार्यपालक अभियंता कार्यालय का घेराव किया।

**मुख्यमंत्री योगी का कड़ा निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान 200 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील होने और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन भी जनता के बीच नज़र आए। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दी कि जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

शुक्रवार को दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी | गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान जमीन पर दिखना चाहिए

### हर समस्या का होगा प्रभावी समाधान जरूरी



जनता दर्शन में पहुंचे करीब 200 लोगों के बीच खुद चलकर पहुंचे मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सबकी बातें सुनीं। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्र अपने हाथों में लिए और उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा, "घबराइए मत, सरकार आपकी हर समस्या का प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराएगी।" मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या से जुड़ी किसी भी शिकायत पर केवल खानापूर्ति न की जाए, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान जमीन पर दिखना चाहिए।

### इलाज के लिए धन की नहीं होगी कमी

कार्यक्रम में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि धन के अभाव में किसी भी नागरिक का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज के लिए जरूरी 'इस्टीमेट' की प्रक्रिया को तेज किया जाए। सीएम ने कहा, "जैसे ही अस्पताल से इस्टीमेट प्राप्त हो, उसे शासन को भेजें, सरकार तत्काल बजट जारी करेगी।" उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को भी संबंधित अधिकारियों को हस्तगत करते हुए पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### आवास की समस्या पर त्वरित कार्रवाई

कुछ महिलाओं ने आवास न होने की व्यथा मुख्यमंत्री के सामने रखी। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी पात्र व्यक्ति किन्हीं कारणों से अब तक आवास की सुविधा से वंचित रह गए हैं, उनका सर्वे कर उन्हें जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाया जाए।

### यूपी में युवाओं के लिए बड़ा कदम!

# सीसीसी की विशेष प्रशिक्षण दिलवाकर योगी सरकार देगी डेढ़ लाख युवाओं को स्वरोजगार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के तहत प्रदेश सरकार ने सीएम युवा योजना में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें बैंकिंग प्रक्रिया में सक्षम बनाने के उद्देश्य से गोमतीनगर में सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स (सीसीसी) की विशेष ट्रेनिंग आयोजित की गई। पहले बैच में 50 जिलों और दूसरे बैच में 25 जिलों को शामिल किया गया है। यूपीकॉन के सभी कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे जमीनी स्तर पर युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन दे सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद कुल 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात किए जाएंगे। ये काउंसलर सीएम युवा योजना के तहत ऋण लेने वाले लाभार्थियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, दस्तावेजीकरण और प्रोजेक्ट तैयार करने में मदद करेंगे, जिससे युवाओं को आसानी से ऋण प्राप्त हो सके।

सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स (सीसीसी) की विशेष ट्रेनिंग | युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

### काउंसलर्स निभाएंगे सेतु की भूमिका



यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर एमएसएमई उद्यमियों और बैंकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। वे न केवल उद्यमियों को उपयुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी देंगे, बल्कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट, वित्तीय विवरण और आवश्यक दस्तावेज़ तैयार करने में भी सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में क्रेडिट रेटिंग, सिबिल स्कोर और ग्रीन एवं नए प्रोजेक्ट्स के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, रसही वित्तीय योजना और बेहतर क्रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से युवा उद्यमी न केवल आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को भी सफल बना सकते हैं।

### रोजगार और वित्तीय समावेशन को मिलेगा बढ़ावा

यह पहल न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि अनुभवी पेशेवरों विशेषकर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को भी अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है। प्रदेश सरकार की यह पहल वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करते हुए एमएसएमई सेक्टर को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगी। आने वाले समय में यह मॉडल प्रदेश में रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनेगा।

### एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा मजबूती का आधार

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ) के सहयोग से संचालित किया जा रहा ह। खास बात यह है कि यह सीसीसी कोर्स रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित है, जिसे प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर योजना आरबीआई की वित्तीय समावेशन समिति की सिफारिशों पर आधारित है। इसका उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें ऋण प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। इस ढांचे के अंतर्गत सिड्बी को एक्रीडिटिंग एजेंसी और इंप्लीमेंटिंग एंड रजिस्टरिंग अथॉरिटी की भूमिका दी गई है, जबकि आईआईबीएफ द्वारा इस कोर्स को विकसित किया गया है। यह सर्टिफिकेशन प्राप्त करना सीसीसी बनने के लिए अनिवार्य है।

### स्मृति ईरानी की अखिलेश को चुनौती

## अगर दम है तो गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद में छिड़ी बहस के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरान ने अखिलेश यादव के सास-बहू वाले तंज पर पलटवार करते हुए उन्हें चैलेंज कर दिया। शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाराणसी पहुंची स्मृति ईरान ने अखिलेश को चैंलेज करते हुए कहा, दम है तो वह गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं। स्मृति ईरानी ने कहा, विरासत की राजनीति करना आसान होता है। अगर इतना दम-खम रखते हैं तो अपनी पैतृक सीट छोड़कर गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं। हमने तो कामकाजी महिला होते हुए किसी और के गढ़ में परचम गाड़ा। कांग्रेस के अध्यक्ष को उनके गढ़ में हराया।

उन्होंने कहा, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करना स्पष्ट है। कामकाजी महिला पर टिप्पणी करना आसान होता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने खुद कभी नौकरी नहीं की। आप हम जैसे लोग भी टैक्स भरते हैं, इसलिए नहीं कि सदन में सास-बहू की बात हो। संसद जाकर संसदीय कार्यवाही पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी में उनका विपक्ष में रहना तय है। उन्होंने कहा, संसद में गृह मंत्री जी ने उठाए गए प्रश्नों का जवाब दिया है। विपक्ष को क्या संविधान पर विश्वास नहीं है? परिसीमन को लेकर विस्तार की मांग पहले विपक्ष की ही थी, अब सदन में कुछ और बोल रहे हैं। विपक्ष क्या रुख अपना रहा है, यह देश की जनता देख रही है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि भाजपा महिला आरक्षण विधेयक के बहाने 'नारी को नारा बनाने' की कोशिश कर रही है।अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए स्मृति ईरान पर तंज कस दिया था। उन्होंने भाजपा की पूर्व सांसद पर परोक्ष रूप से तंज कसते हुए कहा था, 'सास-बहू वाली तो हार गई हैं आपकी।

## पेज एक का शेष

### लोकसभा में पारित...

2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने का प्रस्ताव था। साथ ही 2029 के आम चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की योजना शामिल थी। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान रखा गया था, ताकि आरक्षण को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके।

### राहुल गांधी की...

समर्थन करता है, इसे अभी लागू किया जाना चाहिए। लेकिन वर्तमान स्वरूप में यह बिल किसी और ही मंशा से लाया गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा नेतृत्व को अच्छी तरह पता है कि यह बिल वास्तव में पास नहीं हो सकता, फिर भी इसे लाना एक घबराहट की प्रतिक्रिया है। इसके दो उद्देश्य हैं- एक, भारत के चुनावी नक्शे को बदलना और दूसरा, प्रधानमंत्री को महिला-समर्थक दिखाना।

### असली एजेंडा संविधान...

आदिवासी और ओबीसी वर्ग के लोग कहां हैं? उन्होंने कहा कि पहले सार्वजनिक क्षेत्र में इन वर्गों को जगह मिलती थी, लेकिन मोदी सरकार ने उसे कमजोर कर दिया और अपने उद्योगपति दोस्तों को सौंप दिया।

### राहुल गांधी और...

वादे और नारी शक्ति का बार-बार अपमान करना ही कांग्रेस की असल राजनीति रही है। एक ओर जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश महिलाओं को 'शक्ति' मानकर उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने के लिए संकल्पित है, वहीं विपक्ष की यह नकारात्मक सोच उनके विकास विरोधी चरित्र को दर्शाती है। नारी शक्ति का यह आक्रोश अब रुकने वाला नहीं है और आगामी चुनावों में देश की माताएं-बहनें अपने अधिकारों को रौंदने वालों को कड़ा सबक सिखाते हुए इस विश्वासघात का पूरा हिसाब चुकता करेंगी। नवीन ने कहा कि आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा सकता था, लेकिन राहुल गांधी व कांग्रेस के एंटी विमेन एलाइंस ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है। आज राजनीति में आधी आबादी की भागीदारी सुनिश्चित करने का दिन हो सकता था, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ मिलकर उनके सहयोगी दलों ने उनके हक को मारा है।

**देश की बहनें अब सड़कों पर निकलेंगी, इंडी गठबंधन को देंगी जवाबः शिवराज :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि 17 अप्रैल देश की बहनों और लोकतंत्र के लिए काला दिन बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष की हर शंका का तथ्यपूर्ण जवाब देकर यह स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी राज्य के साथ कोई अन्याय नहीं होगा, किसी का कोई नुकसान नहीं होगा, इसके बावजूद महिला विरोधी मानसिकता से ग्रसित कांग्रेस और इंडी ब्लॉक ने महिला आरक्षण बिल को गिराकर देश की बहनों, बेटियों और माताओं की आशाओं पर कुठाराघात किया है। चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज केवल एक विधेयक नहीं गिरा, बल्कि करोड़ों बहनों के सपनों, उनके अरमानों, उनकी आकांक्षाओं और उनके आत्मसम्मान को आहत किया गया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल महिलाओं के सशक्तिकरण, उनकी भागीदारी और विकसित भारत के निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपनी संकीर्ण, नारी-विरोधी और अवसरवादी राजनीति के कारण इस महत्वपूर्ण प्रयास को कुचल दिया।

### बोले अमित शाह...

उचित नहीं है। इसलिए यह संशोधन आवश्यक है।

**किसी राज्य संग नहीं होगा भेदभाव :** उन्होंने कहा, परिसीमन के जरिए विपक्ष का दक्षिण भारत के राज्यों के साथ अन्याय होने की आशंका को मैं पूरी तरह से खारिज करता हूं। साथ ही ये भी स्पष्ट कर दूं कि संसद में दक्षिण के राज्यों का भी उतना ही अधिकार है, जितना उत्तर के राज्यों का है। विपक्ष संविधान हाथ में लेकर देश में विभेद की भावना भड़काना चाहता है। जिसे हम कभी भी सफल नहीं होने देंगे। भाजपा की मंशा पूरे भारत के कल्याण की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि विपक्षियों का यह नैरेटिव नहीं चलेगा, बाल सफेद हो जाएंगे, यहां नहीं बैठ पाओगे। झूठ को जोर से बोलने पर वह सच नहीं बन जाएगा। शाह ने उदाहरण देते हुए कहा कि कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिण के राज्यों की संसद की 543 सीटों में भागीदारी 129 यानी 23.76 फीसदी है। आरक्षण के साथ जब सीटें बढ़कर 850 फीसदी होंगी। जब सीटों की संख्या 129 से बढ़कर 195 हो जाएगी यानी 23.87 फीसदी। इसलिए मैं कहता हूं कि किसी का कोई नुकसान नहीं होगा। केंद्र की कोशिश परिसीमन से हर राज्य की 50% फीसदी सीटें बढ़ाने की है।

**राहुल का ध्यान न भटके तो... :** शाह ने विपक्ष के सदन की सदस्य संख्या 850 तक हो जाने पर सभी को बोलने के लिए पर्याप्त अवसर न मिलने के आरोप पर कहा कि एक तरफ अध्यक्ष जी आप काफी दयालु हैं। रात में 12 बजे तक सदन चलाकर सभी को बोलने का अवसर देते हैं। वहीं, अभी जो समय राहुल गांधी की अप्रोच की वजह से घटता है। अगर वो उसे बंद कर दें तो सभी को अपने आप समय मिल जाएगा। कुछ आप बढ़ा दीजिएगा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की भाषा और उनके द्वारा सदन में प्रयोग किए जाने वाले शब्दों पर गंभीरता से आपत्ति जताते हुए कि सदन की गरिमा और मर्यादा को ध्यान में रखना चाहिए। कभी वो आंख मारते हैं, कभी फ्लाइंग किस देते हैं, कभी सत्र के दौरान विदेश जाकर देश की निंदा करते हैं, कभी कुछ और करते हैं। जो पूरी तरह से गलत है।

**जनगणना जाति के साथ होगी :** 2023 के बाद जनगणना न कराने के मामले पर उन्होंने कहा कि उस दौरान कोरोना महामारी की वजह से इसमें देरी हुई। 2024 में जनगणना शुरू हुई, तो कुछ दलों ने जाति जनगणना की मांग की है। केंद्र ने अनेक दलों, जाति समूहों, राज्य सरकारों से चर्चा की है। जिसके बाद 2025 में यह निर्णय हुआ कि हम जाति जनगणना कराएंगे। अब जो जनगणना हो रही है। उसमें व्यक्तियों की गणना में जाति का कॉलम भी मौजूद रहेगा। पहले जो कांग्रेस के समय में जनगणना होती थी। उसमें जाति, धर्म नहीं पूछते थे। तब व्यक्ति की गणना के समय यह प्रश्न आता था। अब जाति पूछी जाएगी। मोदी सरकार ने अपने कैबिनेट प्रस्ताव के जरिए जनगणना को जाति के साथ कराने का निर्णय लिया है। जिसमें हमें कोई असमंजस नहीं होना चाहिए। लेकिन कांग्रेस या विपक्ष को जाति जनगणना से कोई मतलब नहीं है। वो केवल यहां बैठने के उद्देश्य से इसका विरोध कर रहे हैं।

**इंडिया गठबंधन तुष्टिकरण की राह पर :** गृह मंत्री ने आरक्षण में दलितों, मुस्लिम महिलाओं की भागीदारी न रहने को लेकर कहा कि मैं यहां सरकार की संविधान और भाजपा की नीतियों के बारे में कुछ बातें स्पष्ट करना चाहता हूं। हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। आरक्षण जन्म से मिलता है। धर्म परिवर्तन करने से इसका कोई लेना-देना नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 15 (4) के तहत सामाजिक, शैक्षिक रूप से जो लोग पिछड़े हैं या एससी, एसटी वर्ग में पैदा हुए हैं। उन्हें पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण दिया जाता है। धर्म के आधार पर कहीं पर संविधान में आरक्षण देने की व्यवस्था नहीं की गई है। यह इंडिया गठबंधन तुष्टिकरण की नीति के तहत देश में मुस्लिम आरक्षण की मांग खड़ी कर रहा है। लेकिन भाजपा की नीति साफ है कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण न अभी देंगे और न ही आगे भी किसी को देने देंगे।

**राजीव गांधी ने नहीं दिया ओबीसी को आरक्षण :** देश में ओबीसी की सबसे बड़ी विरोधी पार्टी कांग्रेस है। इन लोगों ने चौधरी चरण सिंह और सीताराम केसरी का कार्यकाल पूरा नहीं होने दिया। काका कालेलकर समिति के सुझाव ठंडे बस्ते में डाल दिए। 1980 में इंदिरा गांधी के समय में मंडल आयोग के सुझाव आए, वो भी ठंडे बस्ते में डाल दिए। 1990 में मंडल कमीशन लागू हुआ। तब विपक्ष के नेता राजीव गांधी ही थे। उन्होंने अपने जीवन का सबसे बड़ा भाषण इसी संसद में मंडल कमीशन के विरोध में दिया था। वह जाति जनगणना के भी विरोध में थे। अब उनके दल को यह बात मेल नहीं खा रही है। 15 से 20 बार चुनाव हार गए हैं। तब दोनों चीजों की मांग कर रहे हैं। शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने आज तक एक भी ओबीसी पीएम नहीं दिया है। भाजपा ने अति पिछड़ा समाज के व्यक्ति नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। मोदी सरकार में 27 मंत्री ओबीसी समुदाय के हैं। जो 40 फीसदी होता है। ओबीसी कमीशन को सरकार ने संवैधानिक मान्यता दी है। हमने ओबीसी सूची को संशोधित करने का अधिकार राज्यों को दिया। 2014 से 18 तक 16 जातियों को ओबीसी जातियों में शामिल किया गया है। जाति जनगणना चल रही है। रिपोर्ट भी साथ ही आएगी। सदन विचार करेगा, भाजपा उसके साथ आगे बढ़ेगी। विरोधियों के लिए चुनाव जीतना सर्वोपरि है। हमारे लिए राष्ट्र और जनता सर्वोपरि है और उसका हित सबसे आगे है। कांग्रेस को लोग सिर्फ नारे लगाने से पिछड़े वर्ग का हितैषी नहीं मानेंगे। जब हमने मोदी जी को पीएम बनाया। तब से आप ये माला जप रहे हो। अब देश की महिला जानेगी कि आप उसका अधिकार छीन रहे हैं। यह पांचवीं बार है जब इंडिया गठबंधन ने महिला आरक्षण का विरोध किया है।

**भाजपा ने दी 5 महिला सीएम :** भाजपा महिला नेतृत्व के साथ विकास का अनुसरण करती है। पहले हमारे मंत्रिमंडल में 10 महिलाएं थीं। हमने सुषमा स्वराज, उमा भारती, वसुंधरा राजे, आनंदी बेन पटेल को सीएम बनाया। लेकिन कांग्रेस ने 70 साल में इन राज्यों ने एक भी महिला सीएम नहीं दिया है। दिल्ली में रेखा गुप्ता पहली नहीं भाजपा की तीसरी महिला सीएम हैं। हमने तो देश की एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बना दिया। तीन दशक से चर्चा के लिए लाए जा रहे जिस बिल को विपक्ष की नूराकुश्ती ने पारित नहीं होने दिया। उसका मुझे दुख है। इनकी आदत सरकार के हर अच्छे निर्णय का विरोध करने की बन गई है। जैसे पहले धारा-370, राम मंदिर, तीन तलाक, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया।

### भाजपा महिला आरक्षण...

के साथ साथ देशभर में महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष के रवैये पर भाजपा खासकर कांग्रेस को अपने निशाने पर रखने वाली है।

### तीसरी बार हरिवंश बने...

विश्वास जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री हरिवंश ने अपने कार्यकाल में निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगे भी वे इसी प्रतिबद्धता के साथ सदन का संचालन करेंगे और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करेंगे। वहीं, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी हरिवंश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सदन की परिपक्वता का परिचायक है कि एकमत से उन्हें पुनः चुना गया। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने हमेशा सभी पक्षों को समान अवसर देने की कोशिश की है और उनकी निष्पक्ष भूमिका ने सदन की गरिमा को बनाए रखा है। खरगे ने उम्मीद जताई कि वे आगे भी विपक्ष की आवाज को समान महत्व देंगे और संसदीय परंपराओं का संरक्षण करेंगे। सभापति ने सदन की सामूहिक भावना की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन ऐसे अवसर, जब सदन एक स्वर में निर्णय लेता है, संसद की गरिमा और संस्थागत मजबूती को दर्शाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हरिवंश अपने साथ सार्वजनिक जीवन का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं। उनका सौम्य व्यवहार और कठिन परिस्थितियों में भी संयमित रवैया सदन की कार्यवाही में स्थिरता बनाए रखता है।

### राहुल के पीएम को जादूगर...

बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जादूगर शब्द की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पीएम कोई व्यक्ति नहीं हैं। बल्कि उन्हें इस देश की 140 करोड़ जनता ने चुनकर प्रधानमंत्री बनाया है। राहुल के शब्द से आम देशवासियों का अपमान हुआ है और इसलिए उन्हें इसके लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने अपने भाषण के अंत में 16 के अंक का भी इस्तेमाल किया...लेकिन अपनी बात को बीच ही छोड़ दिया।

**ओबीसी, दलितों संग होगा अन्याय :** उन्होंने कहा कि केंद्र की मौजूदा मंशा देखकर यह साफ हो जाता है कि उसे देश के अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ कठोर, निर्दयी होने के साथ ही कभी माफ न करने वाली व्यवस्था खड़ी की जा रही है। जाति जनगणना का दूर-दूर तक कोई पता-पानी नहीं है। इस पूरी प्रक्रिया को कांग्रेस संविधान के ऊपर मनुवाद का नाम देती है। राहुल के मुताबिक, परिसीमन व बाकी दोनों कानून पूरी तरह से राष्ट्रविरोधी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कॉरपोरेट सेक्टर से लेकर न्यायपालिका, निजी क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा में ओबीसी और दलितों की भागीदारी गौण है? जिस पर नेता प्रतिपक्ष को टोकते हुए केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा, देश में करीब छह दशक तक कांग्रेस की सरकार रही। तो आपने क्यों ओबीसी वर्ग को आरक्षण नहीं दिया? पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने खुद ओबीसी आरक्षण का विरोध किया था।

**जनसंख्या के नाम पर दक्षिणी राज्यों का सफाया :** राहुल ने कहा, परिसीमन बिल के जरिए सरकार जनसंख्या के आधार पर जनगणना करेगी। स्वाभाविक है कि उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में दक्षिण के राज्यों की आबादी कम है। इसलिए उनकी संसदीय सीटों की संख्या भी घटेगी। यह महज जनसंख्या के नाम पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व को दरकिनार करना है। लेकिन मैं दक्षिण के सभी राज्यों को यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप भी भारत संघ में समान भागीदार हैं। हम सरकार को इस बात की अनुमति नहीं देंगे कि वो आपके अधिकारों को छीन सके।

**इंदिरा गांधी को किया याद :** उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री और अपनी दादी इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ही बचपन में मुझे डर से लड़ना सिखाया और सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया था। उस वक्त मैं अंधेरे से बहुत डरता था। लेकिन इस डर को मेरे मन से निकालने में उनका बड़ा योगदान रहा है। राहुल ने पीएम पर हमला बोलते हुए बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, डिमोनोटाइजेशन का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम तो जादूगर हैं, उन्होंने जादू कर दिया। जिस पर कड़ा विरोध जताते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि राहुल अपने शब्दों और सोच से इस देश की सशस्त्र सेनाओं का अपमान कर रहे हैं। जिसके लिए उन्हें कभी माफी नहीं मिलेगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि समस्या यह है कि भाजपा अपने आप को देश का लोग मानती है। लेकिन हम देश के लोगों, सशस्त्र सेनाओं पर हमला नहीं कर रहे हैं। हम आप पर यानी भाजपा पर हमला कर रहे हैं। सच को छुपाने की कोई जरूरत नहीं है।

### देश को आगे बढ़ाने...

दल कभी समर्थन नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी की केंद्र से ये मांग है कि तीन साल पहले 2023 में इसी संसद द्वारा ध्वनिमत से पारित किए गए महिला आरक्षण अधिनियम को सदन की मौजूदा 543 सीटों के हिसाब से ही अक्षरशः लागू करें और आरक्षण की आड़ में लाए गए बाकी बिलों को वापस लिया जाना चाहिए।

### धार-खरगोन के किसानों...

किया है कि किसानों के हित उनके लिए सर्वोपरि हैं। मध्यप्रदेश के धार और खरगोन के किसानों ने नई दिल्ली में उनसे भेंट कर करेला फसल में अमानक बीज और रोपे के कारण हुए गंभीर नुकसान की जानकारी दी, जिस पर चौहान ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को साफ कहा कि प्रभावित किसानों को न्याय मिलना चाहिए और उन्हें उचित मुआवजा दिलाने की दिशा में तेजी से कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस कंपनी की भूमिका इस पूरे मामले में सामने आई है, उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन निर्देशों के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई तेज हुई और मनावर थाना, जिला धार में एफआईआर क्रमांक 266 दर्ज की गई। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराएं 318(4) और 324(5), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराएं 3 व 7 तथा बीज अधिनियम, 1966 की धारा 19 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। प्राथमिकी में नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना को आरोपी के रूप में दर्ज किया गया है। किसानों की शिकायत है कि उन्होंने नवंबर 2025 में विभिन्न नर्सरियों और कृषि सेवा केंद्रों से संबंधित इस कंपनी के बीज और रोपे खरीदे थे, लेकिन बुआई और रोपण के बाद करेला फसल में अपेक्षित उत्पादन नहीं हुआ और फल छोटे, पीले होकर गिरने लगे। फसल उत्पादन में आई भारी गिरावट के बाद किसानों ने 17 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अमानक बीज एवं अमानक बीज से तैयार रोपे किसानों को प्रमाणित बताकर बेचे गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा। किसानों ने जब दिल्ली आकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को ये सब बातें बताई तो चौहान ने कहा कि यह मामला केवल फसल खराब होने का नहीं, बल्कि किसानों के भरोसे, मेहनत और पूंजी को नुकसान पहुंचाने का है। शिवराज सिंह के निर्देश पर इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वैधानिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई और जांच आगे बढ़ाई गई है। साथ ही, करेला के अमानक बीज रूबासटा किस्म प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी दिए हैं।



# यश ने रावण के कॉस्ट्यूम को बताया बहुत भारी

**मुंबई।** सिनेमाकॉन फेस्टिवल में शामिल हुए यश ने मीडिया से बातचीत में अपने रावण के कॉस्ट्यूम के बारे में खुलकर बात की। टीम ने काले और सुनहरे रंग के रावण के कॉस्ट्यूम को प्रदर्शनी के लिए रखा था। इसमें एक बड़ा सुनहरा मुकुट, बॉडी आर्मर, शोल्डर पैड और आर्म कफ शामिल था। यश ने बताया कि 'मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया। इस तरह के कॉस्ट्यूम और मुकुट पहनना, सच कहूं तो, काफी भारी था। हम इस बात को लेकर बहुत उत्सुक थे कि यह कैसा दिखेगा। असली जैसा लुक पाने की कोशिश में, यह आखिर में बहुत भारी हो गया। मुझे (शूट के) बीच-बीच में इसे उतारना पड़ता था। हालांकि यह बहुत शानदार था।' उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब आप कॉस्ट्यूम पहन लेते हैं, तो आप किरदार को महसूस करने लगते हैं। मेरे साथ हमेशा ऐसा ही होता है।

लाइफ Style



# पत्रलेखा

## बढ़े वजन पर कमेंट करने वालों को लताड़ा

एक्ट्रेस पत्रलेखा इस वक्त बुरी तरह भड़की हुई हैं। उन्होंने पपाराजी और पैप पेजेस को तगड़ी फटकार लगाई है, जिन्होंने हाल ही उन्हें बॉडी शेम किया और अजीबो-गरीब कमेंट्स किए। पत्रलेखा ने नवबंर 2025 में एक बेटी को जन्म दिया और उसके पांच महीने बाद वह हाल ही पति राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' की स्क्रीनिंग में नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पत्रलेखा के बढ़े वजन और बॉडी पर कुछ पेप पेजेस ने अजीब कमेंट्स किए, जिन पर एक्ट्रेस बिफर गईं और कहा कि उन्होंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। कई नेटिजंस ने भी एक्ट्रेस को बॉडी शेम किया। पत्रलेखा ने पपाराजी को लताड़ते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा। साथ ही लोगों से अपील की कि वो थोड़ी सहानुभूति दिखाएं। उन्होंने लिखा, 'पैप पेजेस! मुझे क्या हो गया है? बात ये है कि मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। हां, मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है।' मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है। पत्रलेखा ने आगे लिखा, 'अगर मेरे बस में होता, तो मैं ऐसी नहीं होती। लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण मेरी बॉडी ने ऐसे ही रिएक्ट किया है। भगवान के लिए प्लीज थोड़ा दयालु होना सीखें।' पत्रलेखा के कॅरियर की बात करें, तो वह साल 2025 में फिल्म 'फुले' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था। पत्रलेखा ने 9 जुलाई 2025 को प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और शादी की चौथी सालगिरह पर वह बेटी की मां बनीं।

## हॉलीवुड मसाला





### स्ट्रीट फाइटर से धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी जैसे सुपरस्टार्स के साथ एक्शन करते नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने करीब 3 मिनट का जो ट्रेलर जारी किया है, उसमें भरदम लड़ाई और बॉक्सिंग रिंग से लेकर जिंदगी की जंग नजर आ रही है। यह फिल्म इसी साल 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कहना होगा कि विद्युत जामवाल का लुक खतरनाक दिख रहा है। उनकी टोन्ड बॉडी और बाल्ड लुक पर फैंस अभी से दिल हार रहे हैं। डायरेक्टर किताओ सकुराई की यह फिल्म बेहद पॉपुलर वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है।



### स्टीवन ने की क्रिस्टोफर की जमकर तारीफ

लॉस एंजिल्स। 'इंटरस्टेलर' काफी पॉपुलर फिल्म है और दर्शकों द्वारा इस इसे काफी सराहा गया था। अब हॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग ने हाल ही में फिल्म 'इंटरस्टेलर' को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने क्रिस्टोफर नोलन की तारीफ की और कहा कि फिल्म उनके हाथों में आने के बाद 'काफी बेहतर'बन गई। एक इंटरव्यू में स्टीवन स्पीलबर्ग ने बताया कि फिल्म के शुरुआती दौर में वह करीब एक साल तक इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं 'इंटरस्टेलर' के साथ एक साल तक जुड़ा रहा। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगा। मैं जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी भी गया, जहां मैंने वैज्ञानिकों और एयरोस्पेस इंजीनियर्स से लंबी बातचीत की।'उन्होंने आगे बताया कि जोनाथन नोलन ने फिल्म की शुरुआती स्क्रिप्ट पर काम किया था, लेकिन उनके निर्देशन में यह प्रोजेक्ट पूरी तरह बन नहीं पाया। स्टीवन स्पीलबर्ग ने एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि जोनाथन नोलन ने उनसे कहा था, 'अगर आप यह फिल्म नहीं बनाएंगे, तो मैं जानता हूं कौन इसे बनाएगा- मेरा भाई क्रिस्टोफर नोलन।'स्टीवन ने आगे कहा, 'जैसे ही मैंने यह फिल्म न बनाने का फैसला किया, क्रिस्टोफर नोलन ने तुरंत इसे संभाल लिया।'



# किंग ऑफ पॉप को दिया अपने स्टाइल का श्रेय

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने शुक्रवार को माइकल जैक्सन को श्रद्धांजलि देते हुए एक खास डांस वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन के डांस स्टेप्स को करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि टाइगर ने उनके स्टाइल के कपड़े और हैट पहनी हुई है। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पॉप गायक माइकल जैक्सन को याद करते हुए उनके मशहूर गाने 'बिली जीन' पर डांस किया। उन्होंने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि माइकल जैक्सन ने उन्हें डांस की हर वह चीज सिखाई है, जो वे आज जानते हैं। इस वीडियो में टाइगर मूनवॉक और लेग शफल जैसे माइकल के प्रसिद्ध डांस स्टेप्स करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ टाइगर ने कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने मुझे मूवमेंट के बारे में, स्टेज पर प्रेजेंस के बारे में और स्टेज को पूरा देने का मतलब क्या है।




# रामायण के बाद सिनेमाघरों में दस्तक देगी लव एंड वॉर

मुंबई। आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की अदाकारी वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है। इसमें रणबीर कपूर के साथ आलिया भट्ट, विक्की कौशल और संजय लीला भंसाली नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है 'संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी।' फैंस कयास लग रहे थे कि फिल्म 'लव एंड वॉर', 'रामायण' से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल दिवाली से पहले अक्टूबर के आखिर में रिलीज हो सकती है। यह जानकारी फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे यश ने दी है। इस साल दिवाली 6 नवंबर को है।

## टीवी मसाला



### क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने निकाला अनुपमा का दम

नई दिल्ली। बीएआरसी की 14वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है और पता चल गया है कि इस हफ्ते किसी टीवी शो का डंका बजा, किसने राज किया और टॉप-5 से किसका पत्ता कटा। इस हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। जहां कुछ शोज की टीआरपी बढ़ गई, वहीं कुछ की व्यूरअरशिप नीचे फिसल गई। चौंकाने वाली बात यह है कि रुपाली गांगुली का 'अनुपमा' इस 14वें हफ्ते में टॉप-3 से भी बाहर हो गया है। वहीं, पहले नंबर पर एक बार फिर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का राज है, जबकि हाल ही बरखा बिष्ट ने यह शो छोड़ दिया। इस हफ्ते पहले नंबर पर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है। दर्शकों को मिहिर और नोइना की शादी का ट्रैक काफी पसंद आया। इसकी टीआरपी रेटिंग 2.0 है। दूसरे नंबर पर वसुधा है, जिसकी रेटिंग 1.9 है। यह टीवी शो तेलुगू टीवी सीरीज मुद्धा मान्दाराम का हिंदी रीमेक है और दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। इसमें अभिषेक शर्मा और प्रिया ठाकुर लीड रोल में हैं। वसुधा साल 2024 में शुरू हुआ था। तीसरे नंबर पर रवि दुबे और सरगुन मेहता का टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' हैं, जिसे दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं। इस हफ्ते इसके टीआरपी रेटिंग 1.8 है। इसमें अमनदीप संधु, शीजान खान, सृष्टि जैन और शुभांगी लाटकर लीड रोल में हैं। यह टीवी शो साल 2025 में शुरू हुआ था। सबसे तगड़ा झटका रुपाली गांगुली के 'अनुपमा' को लगा है, जो फिसलकर चौथे नंबर पर आ गया है। यह काफी चौंकाने वाला भी है।

### मैं अपनी मर्जी से कन्वर्ट हुई : चाहत

**नई दिल्ली।** चाहत खन्ना ने इस्लाम धर्म को कुबूल करने पर एक बार फिर से अपनी बात रखी है। उन्होंने ये भी कहा कि अक्सर उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया जाता है। 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम चाहत ने अपनी शादी से पहले



इस्लाम धर्म अपनाने के अपने फैसले से लेकर इसके बाद पैदा हुई गलतफहमियों पर बातें कीं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ये उनका पर्सनल डिसिजन था। बता दें कि चाहत ने फरहान मिर्जा से शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाया था और फिर बाद में वो हिंदू धर्म में वापस लौट आईं। अपनी इस लेटेस्ट बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी बातों को अक्सर गलत संदर्भ में लिया जाता है, जिससे गलत खबरें फैलती हैं। चाहत खन्ना ने कहा, 'मैं सेक्युलर पर्सन हूं। मैं ईद और दिवाली दोनों ही सेलिब्रेट करती हूं। चाहे वो शादी के दौरान हो या बाद में, हां मैंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया था। कई लोगों ने कहा कि मुझे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन मैंने ये बातें कभी कही ही नहीं।' खन्ना ने कहा कि वो हर धर्म में यकीन करती हैं।

# डायरेक्टर ने मुझे देखा और चिल्लाकर कहा- दफा हो जाओ

**मुंबई।** बेटे जुनैद खान की फिल्म के प्रमोशन के लिए आमिर खान ने कमान हाथ में ले ली है। इसके लिए उन्होंने खुद अपने उस 'एक दिन' का किस्सा सुनाया है, जिसने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव किया। उन्होंने आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वे कह रहे हैं, 'कभी कभी एक दिन काफी होता है, आपकी जिंदगी बदलने के लिए। यह उस वक्त की बात है जब मैं कॉलेज में था और प्ले में हिस्सा ले रहा था। प्ले की रिहर्सल दो-तीन महीने चली। इंटरकॉलेज कॉम्पिटिशन से तीन या चार दिन पहले एक रिहर्सल थी और मैं जा नहीं पाया। किसी पॉलिटिकल पार्टी ने महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया हुआ था। अम्मी ने मुझे घर से निकलने नहीं दिया। अगले दिन जब मैं रिहर्सल पर पहुंचा तो डायरेक्टर ने मुझे देखकर गुस्से में कहा, 'गेट आउट'।

### उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी



मुझे जब प्ले से निकाला गया, तो जहां रिहर्सल चल रही थी, उसके सामने एक लॉन था। मैं वहां जाकर बैठ गया। बहुत अपसेट था। थोड़ी देर बाद मेरा दोस्त निरंजन थाणे आया। वह एफटीआईआई में स्टूडेंट था। उसके साथ कोई और भी था। थाणे ने मेरे से कहा कि यह मेरा दोस्त बंसल है। यह अपनी डिप्लोमा फिल्म बना रहा है, क्या तुम फ्री हो? उसमें एक्टिंग करनी है। मैंने कहा कि मैं अभी फ्री हुआ हूं। उसने कहा कि अभी के अभी पुणे जाना होगा, कल से शूटिंग है। मैं घर गया पैकिंग की और पुणे चला गया। उस फिल्म के बाद एक और स्टूडेंट था राजीव सिंह, जिसने मुझे अपनी डिप्लोमा फिल्म में लिया। केतन मेहता ने दूसरी फिल्म देखी और वो 'होली' बना रहे थे। होली में लिया। 'होली' फिल्म देखकर मंसूर और नासिर साहब को लगा कि इसमें बात है इसे 'कयामत से कयामत' में लिया जाए। उस एक दिन जब मुझे प्ले से निकाला गया, उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी।

# हॉरर-कॉमेडी ने हंसाया-डराया, सोचने पर भी किया मजबूर

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला'रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों को चौंकाता है, बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जो हॉरर-कॉमेडी के जरिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। इन फिल्मों में कोई ना कोई खास संदेश छिपा होता है।

### स्त्री ने उठाए कई सवाल

साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री'ने दर्शकों को खूब हंसाया और डराया भी। साथ ही इस फिल्म ने समाज की दकियानूसी सोच से पर्दा भी उठाया। रूढ़ीवादी समाज प्रेम करने वाली एक स्त्री के साथ बुरा व्यवहार करता है, उससे उसका प्रेमी छीन लेता है। बाद में वह चूड़ैल बनकर सबसे बदला लेती। आखिर में फिल्म महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है। इसी तरह 'स्त्री 2' में विलेन यानी सिरकटा की सोच आधुनिक लड़कियों के लिए रूढ़ीवादी किस्म की है। वह आधुनिक सोच वाली लड़कियों को अपना शिकार बनता है। इस फिल्म में सिरकटा, समाज की उस सोच का प्रतीक है।



### भेड़िया की कहानी में छिपा मार्मिक संदेश

वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भेड़िया' भी बढ़िया थी। इसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लेकिन यह फिल्म भी इंसान द्वारा पर्यावरण के शोषण की कहानी कहती है। फिल्म यही संदेश देती है कि हमें पर्यावरण के साथ संतुलन बिठाकर ही विकास करना चाहिए। जितना हक इस धरती पर हमारा है, उतना ही हक बाकी जीवों का भी है। यह फिल्म 2022 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा कलेक्शन किया था।

### भूल भुलैया ने शुरू की नई बहस

अक्षय कुमार अभिनीत भूल भुलैया साल 2007 में आई थी। इस फिल्म में विद्या बालन, शाइनी आहुजा, परेश रावल, राजपाल यादव जैसे कलाकार थे। फिल्म पहले एक हॉरर-कॉमेडी लगती है। लेकिन, क्लाइमैक्स में यह एक साइकोलॉजिकल फिल्म बन जाती है। इस फिल्म में मेंटल हेल्थ, ट्रॉमा जैसे मुद्दों पर बात की गई है। इस फिल्म ने बताने की कोशिश की थी कि भूत-प्रेत का साया सच में नहीं होता है।

## थिएटर जाने का मन नहीं है तो घर बैठे भी होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर इस वीकएंड रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। सिनेमाघरों में 'भूत बंगला' सज गई है। लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी एंटरटेनिंग फिल्म लगी है, जिसे परिवार के साथ देखने की योजना बनाई जा सकती है। क्रिटिक्स से इसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। मगर, इस वीकएंड अगर थिएटर जाने का मन नहीं है, तो घर बैठे भी भरपूर मनोरंजन होगा।

### टोस्टर

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म टोस्टर इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इसे आप वीकएंड पर देख सकते हैं। यह एक डॉर्क कॉमेडी फिल्म है। राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर बीते 15 अप्रैल को रिलीज हुई।

### रूममेट्स

यह हॉलीवुड फिल्म है। इसमें दोस्ती के रिश्ते को दिखाया गया है। इसमें सैडी सैंडलर और क्लो ईस्ट मुख्य भूमिका में हैं। यह कॉमेडी फिल्म है, जो शुक्रवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



### मार्गो गॉट मनी ट्रबल

यह सीरीज 20 साल की कॉलेज ड्रॉपआउट लड़की की कहानी पर बेस्ड है। इसमें लीड रोल एले फैनिंग ने अदा किया है, जो अपने नवजात बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कुश्ती का सहारा लेती है। रूफी थॉर्प के उपन्यास पर आधारित इस सीरीज में निकोल किडमैन और निक ऑफरमैन भी हैं। यह 15 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

**अल्फा मेल्स सीजन 5 और यूफोरिया सीजन 3:** इस वीक की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड सीरीज 'अल्फा मेल्स' का पांचवां सीजन भी शामिल है। यह सीरीज 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा वेब सीरीज'यूफोरिया सीजन 3 भी इस वीक रिलीज को तैयार है। तस्करी पर बेस्ड यह सीरीज को आप 19 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### दो दीवाने शहर में

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की यह फिल्म थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर भी आ गई है। फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता और आयशा रजा मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है। यह फिल्म शुक्रवार 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### उस्ताद भगत सिंह

पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह भी ओटीटी पर आ चुकी है। सिनेमाघरों में यह फिल्म धुरंधर 2 के साथ 19 मार्च को रिलीज हुई थी। मगर, बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसमें श्रीलीला और राशि खन्ना भी अहम किरदार में हैं। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' 16 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 'मटका किंग'

मटका किंग निर्देशक नागराज मंजुले की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' काफी चर्चा में है। इसमें एक्टर विजय वर्मा लीड रोल में हैं। सीरीज में एक कपास व्यापारी के मटका किंग बनने के सफर को दिखाया गया है। मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। सीरीज में कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज शुक्रवार 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।

### अस्सी

तापसी पन्नू और कनी कुश्रुति अभिनीत फिल्म अस्सी इस साल फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अगर आपने इसे थिएटर में नहीं देखा, तो अब ओटीटी पर देखने का सुनहरा मौका आ गया है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया। इसकी कहानी को दर्शकों की खूब तारीफ मिली।

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम
भूपदेवपुर थाना क्षेत्र का मामला

# कोयले से लदे ट्राले की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में शुक्रवार की सुबह कोयला लदे ट्रेलर की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, इस घटना में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्का जाम शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच चुकी है। उक्त घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र का है।

रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघनपुर के पास कोयला लोड ट्रेलर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार महिला उमा राठिया को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में महिला की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मृतका के पति और उसके मासूम बच्चे को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा कि मृतका सुबह अपने पति टीकाराम राठिया और बच्चे के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव सिंघनपुर लौट रहे थे, इसी बीच यह घटना हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीण मौके पर चक्काजाम शुरू कर दिया है, जिससे इस मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है। मामले की जानकारी मिलते ही भूपदेवपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है।




## हाइवा वाहन पलटा, चालक व दो अन्य ग्रामीण घायल

जगदलपुर। पुसपाल घाट में शुक्रवार की सुबह एक हाइवा गाड़ी अचानक घाट में पलट गई। इस घटना में चालक व दो अन्य ग्रामीण भी घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही सीआरपीएफ जवानों ने बिना देर किए घायलों को बाहर निकालते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पास के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह एक हाइवा वाहन अपने गाड़ी में क्रांकीट लेकर पुसपाल घाट कैम्प से ककनार की ओर जा रहा था। मोड़ में अचानक से हाइवा पलटने की आवाज सुनकर 188 बटा सीआरपीएफ जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। सीआरपीएफ के जवानों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और घायलों का प्राथमिक उपचार किया। दुर्घटना में किसी को भी ज्यादा चोट नहीं आई है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पास के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह एक हाइवा वाहन अपने गाड़ी में क्रांकीट लेकर पुसपाल घाट कैम्प से ककनार की ओर जा रहा था। मोड़ में अचानक से हाइवा पलटने की आवाज सुनकर 188 बटा सीआरपीएफ जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। सीआरपीएफ के जवानों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और घायलों का प्राथमिक उपचार किया। दुर्घटना में किसी को भी ज्यादा चोट नहीं आई है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पास के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## आउटसोर्स श्रमिकों के साथ मजाक, दो प्रतिशत बढ़ाया वेतनः भार्गव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आउटसोर्स श्रमिकों का न्यूनतम वेतन मात्र दो प्रतिशत बढ़ाकर उनके साथ भद्दा मजाक किया गया है। अप्रैल 2026 से जहां हरियाणा,उत्तरप्रदेश और केंद्र सरकार ने आउटसोर्स कर्मियों व श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 30 से 35 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की है, वहीं मध्यप्रदेश के आउटसोर्स श्रमिक का मिनिमम बेजेस माह अप्रैल से मात्र दो से ढाई प्रतिशत 275 रुपए प्रतिमाह बढ़ाया गया है। इससे मप्र अन्य राज्यों की तुलना में अंतिम पायदान पर है। इस बारे में ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चे के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री से हस्तक्षेप कर मप्र के श्रमिकों का मिनिमम बेजेस केंद्र के श्रमिकों के समान दोबारा रिवाईज किए जाने की मांग की है। भार्गव का कहना है कि जहां उत्तरप्रदेश के अकुशल आउटसोर्स कर्मी 13 हजार 690 रुपए हरियाणा में 15 हजार 220 रुपए और केंद्र सरकार में 18 हजार 018रुपए न्यूनतम वेतन पा रहे है, जबकि उसकी तुलना में मप्र के अकुशल श्रमिक मात्र 12 हजार 425 रुपए प्रतिमाह वेतन पा रहे हैं। इसी प्रकार उत्तरप्रदेश में अर्द्धकुशल श्रमिक 15 हजार 59 रुपए, हरियाणा में 16 हजार 780 रुपए और केंद्र सरकार के श्रमिक 21 हजार 502 रुपए न्यूनतम वेतन पा रहे हैं, तो उसकी तुलना में मप्र के अर्द्धकुशल श्रमिक मात्र 13 हजार 421 रुपए न्यूनतम वेतन पा रहे हैं। इसी तरह उत्तरप्रदेश के कुशल श्रमिक 16 हजार 868 रुपए, हरियाणा में 18 हजार 500 रुपए और केंद्र के श्रमिक 25 हजार 64 न्यूनतम वेतन पा रहे हैं, तो उसकी तुलना में मप्र के कुशल श्रमिक मात्र 15 हजार 144 रुपए न्यूनतम वेतन इस अप्रैल माह से पाएंगे। भार्गव ने चेतावनी दी कि यदि मप्र के श्रमिकों का न्यूनतम वेतन केंद्र के समान नहीं किया गया तो मप्र के लाखों श्रमिक आन्दोलन करने पर विवश होंगे।

सिवनी मालवा को मिली 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात, मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

# नर्मदापुरम-टिमरनी हाईवे खोलेगा तरक्की के नए रास्ते, पूरे क्षेत्र को मिलेगा लाभः डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे तरक्की का नया मार्ग खोलेगा। सिवनी मालवा को लगभग 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसमें 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है। यह केवल सड़क नहीं है, इससे सीधे इंदौर-उज्जैन तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इस स्टेट हाईवे के माध्यम से सिवनी-मालवा नए दौर में प्रवेश करेगा और कनेक्टिविटी का लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा।

सिवनी-मालवा में इस सड़क के साथ विकास का सूर्योदय हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि स्टेट हाईवे के साथ सिवनी-मालवा को 106 करोड़ 30 लाख लागत के 96 विकास कार्यों की सौगात मिली है। जिसमें 48 करोड़ 61 लाख की लागत के 45 विकास कार्यों का लोकार्पण और 57 करोड़ 69 लाख की लागत के 51 विकास कार्यों का भूमि-पूजन संपन्न हुआ है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम के प्रभारी राकेश सिंह भी उपस्थित रहे।

**972 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से होगा 72 किमी लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे का उन्नयन और पुनर्निर्माण**


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी मालवा में विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

- नर्मदा नदी आंवली घाट के हथनापुर गांव में सिंचाई परियोजना के विकसित करने की घोषणा की। इस परियोजना का लाभ क्षेत्र के 40 गांवों के 10 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा।
- नगर पालिका सिवनी-मालवा में सड़क, सीवेज, बिजली-पानी की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विशेष निधि
- सिवनी-मालवा-शिवपुर बावरी मुख्य मार्ग की मंजूरी, पीपलपुरा पुल निर्माण और बनापुरा के शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा
- शिवपुर और डोलपुर में सांदीपनि विद्यालय के लिए सर्वे कराने और एक विद्यालय की मंजूरी

### आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है।

### लोक निर्माण विभाग गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर रहाः राकेश सिंह

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास की अनेक सौगातें दी हैं। सिवनी-मालवा कृषि से समृद्ध क्षेत्र है। पिछले दो साल में ही 984 करोड़ की लागत की सड़कों की सौगात सिवनी-मालवा को मिली है। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम जिले में ऐतिहासिक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की है, जिसमें अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ। लोक निर्माण विभाग गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर रहा है।

### रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब, लड्डुओं से मुख्यमंत्री का तुलादान




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहर के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राम एवं भगवान बजरंगबली का विधि विधान से पूजन कर हनुमान मंदिर से ही रोड-शो का शुभारंभ किया। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने नगर आगमन पर फल, मिठाई, काजू किशमिश, लड्डू से मुख्यमंत्री का तुलादान किया।

मुख्यमंत्री ने मोहाली में सेमिनार को संबोधित किया



## संत कबीर के विचार आज भी मानवता को सही दिशा दिखाने वाले : नायब सैनी

- चंडीगढ़ में गली क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर दास के विचार और शिक्षाएं आज के दौर में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने 15वीं शताब्दी में समाज में व्याप्त धार्मिक कट्टरता, पाखंड और भेदभाव के विरुद्ध जो क्रांतिकारी आवाज उठाई थी, वह आज भी समाज को एकता, समरसता और विश्व बंधुत्व का मार्ग दिखाती है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के मोहाली में संत कबीर जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां संतों की वाणी गूंजती है, वह स्थान केवल सेमिनार नहीं बल्कि सत्संग का रूप ले लेता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और अध्यात्म के माध्यम से शांति का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब विश्व विभिन्न प्रकार के तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, ऐसे समय में संत कबीर का दर्शन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उनके विचार मानव समाज के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं, जो शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

उन्होंने संत कबीर जी को सच्चा मानवतावादी बताते हुए कहा कि उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और हर प्रकार के भेदभाव का दृढ़ता से विरोध किया। उनकी वाणी की सरलता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी, जो सीधे जन-मानस में उतर जाती थी और आज भी पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचा रही है।

एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पुलिस ने किया अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



संभावित बड़ी आपराधिक घटना को गुढ़ियारी पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। इलाके के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रोहित उइके उर्फ छोटू को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि गोंदवारा अंडर ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिए के आधार पर युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अवैध हथियार और कारतूस मिले।

### एक दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज

*पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले से ही एक दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान और तेज करने के निर्देश दिए हैं।*

### अंतरराज्यीय सट्टा गिरोह का मुख्य आरोपी बाबू खेमानी गिरफ्तार

*रायपुर। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ चल रही मुहिम में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय सट्टा गिरोह का मुख्य आरोपी बाबू खेमानी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। उसे रायपुर लाया जा रहा है, जहां आगे की पूछताछ में और बड़े खुलासे होने की संभावना है।*

# जनपद में 57, पंचायतों में 50 फीसदी महिलाओं की भागीदारी

प्रदेश में दो लाख 9 हजार 41 महिला जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण का बिल लाने की कवायद चल रही है। हालांकि मध्यप्रदेश में पंचायत स्तर पर महिलाओं को पहले से ही पचास फीसदी से अधिक भागीदारी दी गई है। आंकड़ों नजर डालें तो सबसे ज्यादा महिला जनप्रतिनिधियों का प्रतिशत जनपद पंचायतों में हैं।


प्रतीकात्मक चित्र।

यहां की 313 जनपद अध्यक्षों में 179 जनपद अध्यक्ष महिलाएं हैं, जिनका प्रतिशत 57.18 है। इधर, पंचायतों में सरपंच प्रतिनिधियों की बात करें तो 23 हजार 11 पंचायतों में से 11 हजार 683 महिला सरपंच चुनी गई हैं, जिनका प्रतिशत 50.77 है। प्रदेश में पंचायतों में सरपंच, पंच, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्यों की कुल संख्या 3 लाख 95 हजार 552 है, जिसमें महिला जनप्रतिनिधियों की तादाद 2 लाख 9 हजार 41 पर पहुंच गई है। इस हिसाब से प्रदेश की पंचायतों में महिलाओं का प्रतिशत पचास से भी ऊपर पहुंच रहा है। प्रदेश में महिला सरपंचों के आंकड़ों पर गौर करेंगे तो 23 हजार 11 पंचायतों में 11 हजार 683 सरपंच हैं। इस तरह पुरुष सरपंचों के मुकाबले में 356 महिला सरपंचों की संख्या अधिक है।

## खंडेलवाल ने किया 'विवेक दिशा' का विमोचन


**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी की नवीन पुस्तक "विवेक दिशा" का विमोचन किया। यह पुस्तक स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित है, जो विशेष रूप से युवाओं के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत के रूप में महत्वपूर्ण है, जिसे अर्चना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। पुस्तक "विवेक दिशा" में स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों एवं जीवन दर्शन को सरल एवं प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया। गया है, जिससे युवा वर्ग को जीवन में सकारात्मक दिशा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

राजनीतिक उदासीनता का अंत और महिला नेतृत्व में विकास का सवेरा

'नारी शक्ति वंदन' विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि

# अब 'महिलाओं के विकास' से 'महिला नेतृत्व वाले विकास' की ओर बढ़ चुका है भारत, यह एक युगांतरकारी क्षण...

▶▶ राजो मालवीय, प्रदेश मंत्री, भाजपा



भविष्यवक्ताओं की उद्घोषणा कि 21वीं सदी भारत की सदी भारत में महिलाओं की सदी। यह भविष्यवाणी सोचने को मजबूर करती थी, कि आखिर क्या होगा कि 21वीं सदी में। हमारे देश में मातृशक्ति दैवीय स्वरूप में पूजनीय है। उसकी मान्यता दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती के रूप में है। पाठशाला से लेकर गगन और पाकशाला से लेकर युद्ध भूमि तक उसकी कर्म भूमि रहे हैं। आजादी के रणांगन में कंधे से कंधा मिलाकर मां भारती को बेड़ियों से मुक्त कराने वाली मातृशक्ति संविधान सभा की सदस्य भी रही। ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में 50 प्रतिशत आरक्षण के उपरान्त महिला आरक्षण की नितान्त आवश्कता दशकों से रही है। महिला आरक्षण पर पहली बार 12 सितंबर 1996 में पहली बार देवगोड़ा सरकार विधेयक लेकर आई और लोकसभा भंग होने के कारण यह विधेयक लेप्स हो गया। 1998, 1999 में वाजपेयी सरकार का विधेयक दोनों बार कानून बनने से पहले लेप्स हो गया। 2009-10 में मनमोहन सिंह सरकार फिर विधेयक लाई जो राज्यसभा में पारित हुआ, लेकिन लोक सभा में लंबित होने के कारण लेप्स हो गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। अपने प्रथम उद्घोष में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया। 2014 से 2019 तक महिला आरक्षण बिल भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा बना रहा।




### सशक्त नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला

29 सितंबर 2023 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में नया विधेयक लोकसभा में पेश किया गया। इसके बाद 20 और 21 सितंबर को लोकसभा और राज्यसभा में इसे पारित कर दिया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2023) का पारित होना हमारे लोकतंत्र के इतिहास में एक युगांतरकारी क्षण है। यह केवल एक कानून नहीं है, बल्कि इस बात की प्रमाण है कि अब भारत 'महिलाओं के विकास' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' की ओर बढ़ चुका है। यह कोई संयोग नहीं है कि हमारे नए संसद भवन में चर्चा के लिए लाया गया यह पहला विधेयक था। यह इस बात का प्रमाण है कि सशक्त नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला है।

### नारी सशक्तिकरण सिर्फ नारा नहीं, मिशन है

नारी शक्ति के प्रति पीएम मोदी की अटूट प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि पीएम मोदी के लिए नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक मिशन है। यह अधिनियम पिछले एक दशक के उन सुधारों का शिखर है जिसमें, पीएम आवास के 72 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किए गए। मुद्रा योजना के 69 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए, जिससे जमीनी स्तर पर आर्थिक क्रांति आई। 10 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन और जल जीवन मिशन (14.45 करोड़ घरों तक पानी) ने महिलाओं को दैनिक संघर्षों से मुक्ति देकर उन्हें नेतृत्व करने का समय और सम्मान दिया है।

उत्तर रेलवे

रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.)

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, पी.सी.एम.ई. एन. आर, रेलवे बोर्ड नीति संख्या 2026/ईएनएचएम 15/09–ओबीएचएस दिनांक 17.02.2026 के तहत "बेहतर ऑन–बोर्ड सेवाओं के लिए सुधार" और तकनीकी मूल्यांकन मानदंड पर नीति दिशानिर्देशों के अनुसार, उन्नत ऑन–बोर्ड सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्षम और अनुभवी एजेंसियों को सूचीबद्ध करने के लिए ई.ओ.आई. आमंत्रित करता है।

इच्छुक फर्म (कंपनियों) से अनुरोध है कि वे दिनांक 04.05.2026, 15:00 बजे तक इस कार्यालय को विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया उत्तर रेलवे की वेबसाइट या मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (सी. आर. एस.ई/कोचिंग/एन.आर.) उत्तर रेलवे मैकेनिकल विभाग के कार्यालय पर जाएं। ई.ओ.आई. प्रस्ताव उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कोचिंग–II/एन.आर. कार्यालय में उपलब्ध बॉक्स में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत किए जाने चाहिए। पता कमरा नंबर 140, प्रथम तल, यांत्रिक विभाग, एनेक्सी–1, उत्तर रेलवे– मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–110001.

वेबसाईटः https://nr.indianrailways.gov.in;
ई–मेलः erseehgnr@gmail.com; dycmechgnr@gmail.com
संख्याः NR-HQ0MECH(CHG)/10/2026-O/o SSE/Chg/1/HQ/NR
दिनांकः 17.04.2026
1288/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# तोड़-मोड़कर नहीं, तोल-मोल कर बोलें नेता विपक्ष राहुल

लोकतंत्र की ताकत केवल सत्ता पक्ष से नहीं, बल्कि एक मजबूत और जिम्मेदार विपक्ष से भी तय होती है। ऐसे में संसद में नेता विपक्ष होने के चलते राहुल गांधी से उम्मीद की जाती है कि वे सरकार की कमियों का बारीकी से विश्लेषण कर सार्थक चर्चा और बहस को जन्म दें। यह लगातार हो रहा है कि राहुल संसद में ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानों वह प्रधानमंत्री से दुश्मनी निकाल रहे हों। उनके अधिकांश आरोप तथ्यहीन होते हैं। उनमें दम नजर नहीं आता। कई बार तो उनके अरोप सामाजिक वैमनस्य बढ़ाने वाले होते हैं। उनके भाषण इस तरह के हो जाते हैं कि कई बार तो वह राष्ट्रविरोधी लगने लगते हैं। ऐसे भाषणों से यह संदेश जाता है कि देश का नुकसान देखकर राहुल प्रसन्न हो रहे हैं। अनेक बार पाकिस्तान राहुल के बयान को भारत के विरोध के लिए कोट तक करता रहा है। राहुल को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया था। किसी भी देशवासी के लिए देश का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। अगर कभी देश को झटका भी लगता है तो वह किसी के लिए गर्व का विषय नहीं हो सकता। संसद में नेता विपक्ष की भूमिका सरकार की आलोचना करना भर नहीं होती, बल्कि तथ्यों, तर्कों और संतुलन के साथ ऐसी बहस को जन्म देना होती है, जो नीतियों को बेहतर बनाए। ऐसे में राहुल गांधी से अपेक्षा स्वाभाविक रूप से अधिक है। हाल के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि यह अपेक्षा बार-बार अधूरी रह जा रही है। सिर्फ प्रचार पाने के लिए अथवा पीएम को निशाना बनाने के लिए अपुष्ट बातें कहना नेता विपक्ष की गरिमा को कम करता है। राहुल से उम्मीद की जाती है कि वह नेता विपक्ष होने के नाते और अच्छी तैयारी करके आएं और संसद में एक सार्थक बहस करें। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल का बयान कि यह "महिलाओं को कमजोर बनाएगा" और "शर्मनाक कानून" है, सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि एक गंभीर नीति पर दिया गया आकलन है। संसद कोई चुनावी मंच नहीं है, जहां जुमलों से काम चल जाए; यह वह जगह है जहां हर शब्द का वजन होता है। यहीं सबसे बड़ी चिंता उभरती है। जब नेता विपक्ष अपने भाषण में बालाकोट, नोटबंदी जैसे पुराने मुद्दों को जोड़ते हैं, या कटाक्षपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हैं, तो बहस का स्तर स्वतः नीचे चला जाता है। सत्ता पक्ष का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन वह विरोध तथ्यों पर आधारित और नीति-केंद्रित होना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विपक्ष में रहते हुए भी नेताओं ने अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई है। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद यादव जैसे नेताओं ने अपने तर्कों, भाषा की मर्यादा और विषय की गहराई से संसद को समृद्ध किया। उनकी आलोचना तीखी होती थी, लेकिन उसमें तथ्य और संतुलन भी होता था। यही कारण है कि आज भी उनके भाषणों का उदाहरण दिया जाता है। महिला आरक्षण जैसा महत्वपूर्ण विषय केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं बनना चाहिए। यह आधी आबादी के प्रतिनिधित्व का सवाल है, जिसे गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ उठाया जाना चाहिए। यदि इस पर भी बहस का स्तर गिरता है तो यह न केवल संसद के लिए, बल्कि समाज के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है। तोड़-मोड़कर बोलना आसान है, लेकिन तौलकर बोलना ही नेतृत्व की असली पहचान है। यदि राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे उतरते हैं, तो न केवल उनकी व्यक्तिगत विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# विश्व विरासतों का ख़ज़ाना है भारत

विश्व विरासत दिवस प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में यह दिवस संघर्ष और आपदाओं में विरासत संरक्षण थीम के साथ मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने विरासत को अनमोल मानते हुए और लोगों से इन्हें सुरक्षित और सम्भाल कर रखने के उद्देश्य से ही इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। विश्व विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि पूरे विश्व में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। भारत की विरासत ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। देश के ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं, इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। इससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है। इससे एक तरफ जहां हमारी अमूल्य विरासत संरक्षित होगी, वहीं दो हाथों को रोजगार मिलेगा। प्रत्येक विरासत स्थल उस देश विशेष की संपत्ति होती है, जिस देश में वह स्थल स्थित हो। आने वाली पीढ़ियों के लिए और मानवता के हित के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हित भी इसी में होता है कि वे इनका संरक्षण करें। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी पूरे विश्व समुदाय की होती है। विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। बीता हुआ कल काफी महत्वपूर्ण होता है। बीता हुआ समय वापस नहीं आता, किंतु अतीत के पन्नों को हमारी विरासत के तौर पर कहीं पुस्तकों तो कहीं इमारतों के रूप में संजोकर रखा गया है। हमारे पूर्वजों ने निशानी के तौर पर तमाम तरह के मंदिर, मकबरे, मस्जिदें, किले, बावड़ी और अन्य चीजों का सहारा लिया, जिनसे हम उन्हें आने वाले समय में याद रख सकें। वक्त की मार के आगे कई बार उनकी यादों को बहुत नुकसान पहुंचा। किताबों, इमारतों और अन्य किसी रूप में सहेज कर रखी गई यादों को पहले स्वयं हमने भी नजर अंदाज किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारी अनमोल विरासत हमसे दूर होती गईं और उनका अस्तित्व भी संकट में पड़ गया। वर्तमान में दुनियाभर में कुल 1248 विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 972 सांस्कृतिक, 235 प्राकृतिक और 41 मिश्रित स्थल हैं। चीन, इटली, स्पेन, जर्मनी और भारत दुनिया भर के कुछ शीर्ष देश हैं, जिनकी विश्व स्तर की विरासत की अच्छी गिनती है। भारत में कुल 3691 ऐसे स्मारक और स्थल हैं, जिसमें से यूनेस्को ने भारत में कुल 44 विश्व धरोहरों की घोषणा की है। इनमें 7 प्राकृतिक, 36 सांस्कृतिक और एक मिश्रित हैं। यूनेस्को की अस्थायी सूची में भारत के 70 धरोहर स्थल शामिल हैं। भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का जिक्र करें तो ऐसे बहुत से स्थानों का नाम महत्वपूर्ण है। ताजमहल और मुगलकालीन शिल्प की दास्तां बयान करने वाले दिल्ली के लालकिले ने इस सूची को भारत की ओर से और भी खूबसूरत बना दिया है। ताजमहल को एक विश्वव्यापी मतसंग्रह के दौरान दुनिया के सात अजूबों में अव्वल नंबर कर रखा गया था। विश्व धरोहर सूची में शामिल भारत की अजंता की गुफाएं 200 साल पूर्व की कहानी कहती नजर आती हैं, लेकिन इतिहास के पन्नों में धीरे-धीरे ये भुला दी गईं और बाद में बाघों का शिकार करने वाली एक ब्रिटिश टीम ने इनकी फिर खोज की। विश्व धरोहर सूची में शामिल एलोरा की गुफाएं दुनिया भर को भारत की हिन्दू, बौद्ध और जैन संस्कृति की कहानी बताती हैं। ये गुफाएं लोगों को 600 और 1000 ईस्वीं के बीच के इतिहास से रूबरू कराती हैं। भारत को विश्व धरोहर सूची में 14 नवंबर 1977 में स्थान मिला। तब से अब तक 44 भारतीय स्थलों को विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया जा चुका है। भारत में सर्वप्रथम एलोरा की गुफाएं (महाराष्ट्र) को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था।



( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# एमएसएमई के विस्तार में चुनौतियां

बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

बी2के एनालिटिक्स, जो मुख्य रूप से व्यावसायिक डेटा-आधारित समाधान, जोखिम प्रबंधन, परामर्श और अनुसंधान सेवाएँ प्रदान करती है, ने हाल ही में एक अध्ययन में बताया है कि सूक्ष्म, लघु, और मझोले उद्यम (एमएसएमई), जो अभी जीडीपी का 31.1% योगदान कर रहे हैं और विकास का इंजन माने जाते हैं, को 2030 तक व्यापक विस्तार के लिए काफी ऋण लेना पड़ सकता है। इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएँ हैं, लेकिन वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण इसका अपेक्षित विकास बाधित हो रहा है। यह समस्या उन एमएसएमईके लिए नहीं है जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, क्योंकि इन्हें बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान आसानी से ऋण प्रदान करते हैं। लेकिन जो एमएसएमईअसंगठित क्षेत्र से हैं, उन्हें बैंक, एनबीएफसी, या फिनटेक जैसी औपचारिक वित्तीय संस्थान ऋण देने से कतराते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये संस्थान इनसे कारोबार संबंधी लेनदेन नहीं करते हैं और ये अमूमन टैक्स देने से भी बचते हैं, जिसके कारण इनके पास वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड नहीं होता और न ही इनके पास जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के रिकॉर्ड होते हैं। बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। इसके अलावा, एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

इस लक्ष्य के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की राशि में से, शेष 84.3 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण करना आसान नहीं होगा क्योंकि 95% एमएसएमई इकाई असंगठित क्षेत्र से हैं। 'उद्यम पोर्टल' के अनुसार, 28 फरवरी 2026 तक 7.83 करोड़ एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, लेकिन करीब 90% अभी भी इस पोर्टल पर रजिस्टर नहीं हैं। हालांकि, इन इकाइयों का पंजीकरण तेज़ी से हो रहा है, फिर भी बहुत सी इकाइयां अभी भी पंजीकृत नहीं हैं। इनमें से लगभग 50% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान असंगठित एमएसएमई को ऋण नहीं देते यदि उनके पास वित्तीय लेनदेन या आईटीआर नहीं हैं। इससे उन्हें महाजन या साहूकार से ऋण लेना या अपनी खुद की पूंजी जुटाना पड़ सकता है। एक अनुमान के अनुसार, भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एमएसएमई क्षेत्र की असंगठित इकाइयों के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि एमएसएमई क्षेत्र को पर्याप्त फंडिंग मिलती है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 में भारत की कुल जीडीपी 537.96 लाख करोड़ रुपये होगी,




जिसमें एमएसएमई का योगदान 215.18 लाख करोड़ रुपये या 40% होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 95% एमएसएमई अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं और उनका कोई वित्तीय रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए बैंक उन्हें ऋण देने से हिचकिचाते हैं। इसे हल करने का एक उपाय है यूपीआई लेनदेन, क्योंकि वर्तमान में बहुत से लोग, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में, नकद के बजाय यूपीआई से भुगतान कर रहे हैं। इससे उनकी आय का आंशिक अंदाजा लगाया जा सकता है। साथ ही, यदि ये संस्थान नियमित रूप से जीएसटी रिटर्न दाखिल करते हैं, तो उनसे उनके कारोबार का टर्नओवर और लाभ का अनुमान लगाया जा सकता है, जिससे ऋण स्वीकृति की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, मध्यम आकार के एमएसएमई का स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होना भी बाजार से पूंजी जुटाने का एक उपाय है। यदि ऐसा किया जाए, तो इन इकाइयों को केवल ऋण पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। एमएसएमई इकाइयां आमतौर पर जटिल कागजी कार्रवाई, बैंकों से गारंटी की मांग, उच्च ब्याज दरें, और ऋण स्वीकृति में कठिनाई के कारण से बैंकों से लेन-देन करने से बचती हैं। छोटी एमएसएमई की कमजोर क्रेडिट स्कोर (सिबिल), पूरी वित्तीय रिकॉर्ड, जैसे कि बैलेंस शीट, कैश फ्लो स्टेटमेंट, आईटीआर, और अकाउंट स्टेटमेंट के अभाव के कारण बैंक से जुड़ना मुश्किल हो जाता है। अक्सर बैंक संपार्श्विक गारंटी की मांग करते हैं, जो छोटे और नए उद्यमियों के पास नहीं होती। कम सिबिल स्कोर, खराब क्रेडिट इतिहास या कम व्यवसाय अनुभव भी ऋण आवेदन को खारिज कर देता है। बहुत से एमएसएमई अभी भी अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं, जिससे वे बैंक की शर्तों को पूरा नहीं कर पाते। कई उद्यमी बैंक ऋण प्रक्रिया को लंबा और जटिल मानते हैंऔरवे निजी साहूकारों या निजी स्त्रोतों से ऋण लेना पसंद करते हैं, जो उन्हें जल्दी परंतु महंगे दर पर ऋण देते हैं। इसके अलावा, सरकार की कर प्रणाली भी जटिल और कठिन है, और कर दरें उच्च होने के कारण, एमएसएमई कारोबारी औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने से हिचकिचाते हैं। एमएसएमई क्षेत्र आज स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देकर 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है। ये इकाइयां बड़ी संख्या में ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में फैली हैं, जो क्षेत्रीय असमानताओं को कम कर रही हैं और स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहित कर रही हैं। अब अधिकांश एमएसएमई के प्रमोटर अपने रोजमर्रा के जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग 50% से अधिक कर रहे हैं, जिससे उनकी दक्षता और उत्पादन में सुधार हो रहा है। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है, जो महिला उद्यमशीलता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है। पिछले कुछ दशकों से, एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार रहा है, जो देश के विनिर्माण में 35.4% और निर्यात में 48.58% हिस्सा रखते हैं, तथा इस क्षेत्र ने 32.82 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। इस तरह, यह क्षेत्र अपेक्षाकृत कम पूंजी में बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न कर रहा है।

साथ ही, यह ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह बड़े उद्योगों के विकास में भाग लेकर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी का निर्माण कर रहा है और अपनी विविधता और लचीलापन के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है, साथ ही "मेक इन इंडिया" के लक्ष्य को पूरा कर आयात पर निर्भरता घटा रहा है और निर्यात केंद्रित विकास को तेज कर रहा है।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
## दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
## प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हीमोफीलिया की अदृश्य कड़ियों को तोड़ने का समय

'निदान : देखभाल का पहला कदम', यह केवल एक विषय नहीं बल्कि मानवता के उस मौन संघर्ष की गूंज है, जिसे हम अक्सर देख नहीं पाते, समझ नहीं पाते और इसलिए समय रहते पहचान भी नहीं पाते। 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस हमें इसी अदृश्य पीड़ा के प्रति संवेदनशील बनने का अवसर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन का आधार 'रक्त' केवल शरीर में बहने वाला द्रव नहीं बल्कि अस्तित्व का मूल है और जब यही रक्त नियंत्रित न हो पाए तो साधारण सी चोट भी जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। – **वरुण साहू**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कांग्रेस गिरगिट जैसी



अनु. जाति, अनु. जनजाति और ओबीसी के अधिकारों के मामले में, गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने केंद्र में सरकार के दौरान किसी भी क्षेत्र में उनके आरक्षण कोटा को पूरा करने के लिए कभी कोई पहल नहीं की।
- **मायावती**, पूर्व सीएम, उप्र

### ईडी की छापेमारी



तीन दिनों के भीतर आम आदमी पार्टी के नेता के आवास पर ईडी की यह दूसरी छापेमारी है। क्या प्रधानमंत्री हमें बताएंगे कि आप नेताओं के आवासों पर अब तक की गई अनगिनत छापेमारी में कितना काला धन बरामद हुआ है? एक रुपया भी नहीं?
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### महिला आरक्षण विधेयक



दशकों से, सड़कों से लेकर संसद तक, हमारी मांग रही है कि महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जाए, लेकिन महिला आरक्षण के भीतर, एससी/एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण होना चाहिए।
- **लालू प्रसाद यादव**, पूर्व सीएम, बिहार

### संसद का कर्तव्य



स्त्री कोई फूल नहीं, वह परिवर्तन लाने वाली चिंगारी है। महिला सशक्तिकरण कोई विकल्प नही, यह हमारा दायित्व है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित करना महज एक निर्णय नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला के प्रति इस संसद का कर्तव्य है।
- **बांसुरी स्वराज**, सांसद , भाजपा

## करंट अफेयर


# चीन में कैथोलिक समुदाय पर गिरजाघर से जुड़ने का दबाव



चीन में कैथोलिक समुदायों पर दबाव बढ़ाया जा रहा है कि वे सरकार द्वारा नियंत्रित आधिकारिक गिरजाघर से जुड़ें और साथ ही करीब 1.2 करोड़ कैथोलिक पर निगरानी और यात्रा प्रतिबंध भी कड़े किए जा रहे हैं। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ता हुआ यह दबाव एक दशक पुराने अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी धार्मिक संप्रदाय और स्वतंत्र गिरजाघर आधिकारिक रूप से नास्तिक कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार रहें। चीन में कैथोलिक समुदाय दो हिस्सों में बंटा रहा है– एक सरकारी गिरजाघर, जो पोप को नहीं मानता और दूसरा ऐसे चर्च, जो चोरी छिपे संचालित किए जाते हैं और वेटिकन के प्रति निष्ठावान हैं। पोप फ्रांसिस ने 2018 में वेटिकन–चीन समझौते के तहत बिशप की नियुक्ति में चीन को भूमिका दी थी, लेकिन इसके बावजूद दमन जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, चोरी छिपे संचालित गिरजाघरों के सदस्यों पर गिरफ्तारी, नजरबंदी और उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयां की जा रही हैं। साथ ही धार्मिक गतिविधियों, विदेशी संपर्कों और पादरियों की विदेश यात्रा पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए हैं।

## ऑफ बीट

# जलती रिफाइनरी के धुएं का फेफड़ों और दिल पर असर



रिफाइनरी के आग के धुएं से आमतौर पर पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण निकलते हैं, जो फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और बेंजीन जैसे विषैले गैस तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिक भी उत्सर्जित होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आग से दूर रहने वाले लोगों के लिए ये सूक्ष्म कण अधिक चिंता का विषय होते हैं, क्योंकि ये लंबी दूरी तय कर सकते हैं और हवा में लंबे समय तक बने रहते हैं। स्वस्थ वयस्कों में इन प्रदूषकों के अल्पकालिक संपर्क से सामान्यतः स्थायी नुकसान की संभावना कम होती है, लेकिन आंखों में जलन, पानी आना, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द और सीने में जकड़न जैसे लक्षण हो सकते हैं। वायु गुणवत्ता में सुधार और प्रदूषकों से संपर्क कम होने पर ये लक्षण प्रायः खत्म हो जाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो यह स्थिति उन लोगों से अलग है जो लंबे समय तक रिफाइनरी में काम करते हैं या आपातकालीन सेवाओं से जुड़े होते हैं, जहां कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों का जोखिम अधिक होता है। खराब वायु गुणवत्ता का असर अस्थमा या 'क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) से पीड़ित लोगों पर अधिक पड़ता है। ऐसे लोगों में सांस फूलने की समस्या और खांसी बढ़ सकती है, जिससे उन्हें सामान्य से अधिक दवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता फडणवीस ने सीएम ममता पर किया हमला

# बंगाल अब डरने वाला नहीं, डर के आगे जीत है, यहां इस बार बदलाव जरूर होगा व भाजपा बनाएगी सरकार, देश विरोधी ताकतें होंगी बाहर

## विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी के लिए प्रचार करते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया? उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 15 साल पुरानी टीएमसीव सरकार से बदलाव की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल की जनता सिर्फ अपने दिल की आवाज सुनेगी। 2021 में भी यही भावना थी, लेकिन तब डर था। अब बंगाल जान चुका है कि 'डर के आगे जीत है'। बदलाव जरूर होगा और भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने अवैध घुसपैठ पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य से देश-विरोधी ताकतों को बाहर किया जाएगा। ममता सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को लाकर राज्य की जनसांख्यिकी बदल दी, जो देश के लिए खतरनाक है। फडणवीस ने कहा कि 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा भारतीय जनसंघ की स्थापना को याद करते हुए भाजपा को बाहरी कहना गलत है।

अब यहां के लोगों का डर खत्म हो गया



प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस

### ममता सरकार को घेरा

फडणवीस ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार आने पर युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके तैयार किए जाएंगे। ममता सरकार के कार्यकाल में 6000 से ज्यादा उद्योग और 100 से अधिक लिस्टेड कंपनियां बंगाल छोड़कर चली गई हैं। हमें राज्य को इन सबसे मुक्त कराना होगा।

### कर्ज में डूबा राज्य अब 'सोनार बांग्ला' के लिए बदलाव होगा

फडणवीस ने इसे ममता बनाम जनता की लड़ाई बताया है। फडणवीस ने दावा किया कि राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और सोनार बांग्ला के सपने को पूरा करने के लिए नई शुरुआत चाहती है। बंगाल कभी देश के टॉप आर्थिक राज्यों में गिना जाता था, लेकिन अब राज्य कर्ज के बोझ तले दब गया है। कर्ज का अनुपात बहुत ज्यादा हो चुका है। भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल फिर से विकास की राह पर लौटेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### सुवेंदु का टीएमसी पर आरोप | कार्यकर्ताओं को दिए जा रहे फर्जी प्रेस कार्ड



बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को फर्जी प्रेस पहचान पत्र (प्रेस कार्ड) बांट रही है। टीएमसी ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उसके कार्यकर्ता पत्रकार बनकर मतदान केंद्रों तक पहुंच सकें और चुनाव में गड़बड़ी कर सकें। टीएमसी एक राजनीतिक सलाहकार कंपनी की मदद से यह काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि ये फर्जी पत्रकार संवेदनशील जगहों और प्रशासनिक केंद्रों में घुसकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि हाल ही में जारी हुए सभी प्रेस कार्डों की गहराई से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि केवल मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थानों के पत्रकारों को ही मतदान केंद्रों के पास जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। इससे एक दिन पहले टीएमसी ने भी भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था।

### अभिषेक का शाह पर आरोप

#### वे मतदाताओं को डरा-धमका रहे

**मेदिनीपुर।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बेनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें। पूर्वी मेदिनीपुर के भगवानपुर में रैली के दौरान उन्होंने दावा किया कि



ममता चौथी बार मजबूत जनादेश के साथ सत्ता में लौटेंगी। अभिषेक ने डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि टीएमसी घर से बाहर न निकलें। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

### उदयनिधि स्टालिन बोले

#### भारी जनसमर्थन मिल रहा डीएमके करेगी क्लीन स्वीप

**चेन्नई।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि पिछले 16 दिनों में उन्होंने करीब 100 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया है और हर जगह जनता से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।च स्टालिन ने कहा कि पार्टी इस चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उनका कहना है कि जहां भी वे प्रचार के लिए जा रहे हैं, वहां जनता का उत्साह और समर्थन स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

### पल्लडम रैली में पलानीस्वामी का स्टालिन पर हमला



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने पल्लडम में चुनावी रैली के दौरान डीएमके सरकार और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर तीखा हमला बोला। उनकी पार्टी ने पहले ही संसद में 33% महिला आरक्षण की मांग उठाई थी और अब प्रधानमंत्री मोदी इसे लागू कर रहे हैं।



ममता ने किया चुनावी 'काव्यपाठ'

### भाजपा ने कहा- ममता ने हार मान ली

एक चुनावी रैली में ममता बेनर्जी ने कुछ लाइनें पढ़ी हैं, जिसे लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय दावा कर रहे हैं कि टीएमसी ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। इस्लामपुर में टीएममी की चुनावी रैली को ममता ने शेरो-शायरी वाले अंदाज में खत्म किया। खास बात यह रही कि ममता ने जो पंक्तियां बोलीं उनमें 'तृणमूल' शब्द का जिक्र था।

### तिरुचिरापल्ली में डीएमके ने किया शक्ति प्रदर्शन



तमिलनाडु राज्य में चुनावी सरगर्मी के बीच केएन नेहरू और अनबिल महेश पोय्यामोझी ने तिरुचिरापल्ली के गांधी मार्केट क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। दोनों नेताओं ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम डीएमके के तिरुचिरापल्ली पूर्व विधानसभा सीट के उम्मीदवार डॉ. इनिगो इरुदयाराज के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में पीरियड लीव लागू करने की तैयारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव



नीति को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही है।राज्य के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा हाईकोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते हैं।

### सीएम सम्राट को धमकी आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** सीएम सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने



वाला आरोपी शेखर यादव गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। शपथ ग्रहण के दिन आरोपी ने फोन कर 24 घंटे के भीतर चौधरी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी शेखर यादव बांका के बेलहर का निवासी है। संग्रामपुर पुलिस लगातार सक्रिय थी।

### शाह के पड़ोसी बने नीतीश, जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार को नया आवास



मिल चुका है। वह अब सुनहरी बाग स्थित बंगला नंबर 9 में रहेंगे। यह आलीशान सरकारी आवास है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उनका नया बंगला सारी सुविधाओं से लैस है। इसमें खास बात यह है कि यह बंगला केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास है।

### अमरावती...एनसीडब्ल्यू ने 5 दिन में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के अमरावती में युवक द्वारा नाबालिग लड़कियों



का यौन शोषण के आरोप से संबंधित खबर का स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पुलिस महानिदेशक को इस मामले की समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया। आयोग ने कार्रवाई पर 5 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट भी पेश करें। है।आरोपियों ने कथित तौर पर

---

### निशिकांत ने बोला कांग्रेस पर बड़ा हमला, सोनिया का भी किया जिक्र

# 4 दशकों से कांग्रेस ने राजनीति की, मनमोहन ने ही तब जाति गणना का किया था भारी विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर संसद में चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर कई सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस का इतिहास याद दिलाते हुए कई मुद्दे उठाए और पूर्ववर्ती सरकारों पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में महिला आरक्षण के मुद्दे पर चार दशकों से काफी राजनीति की जा रही है। दुबे ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि कांग्रेस के जो लीडर हैं उनका जो भाषण है वो एक शो जैसा था, जैसा कि माइकल जैक्सन का। उन्होंने कहा कि इसी दिन वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले को लेकर आरोप लगे थे, जिसने देश की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा किया था। 1998 की एक घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भी टिप्पणी की।

कांग्रेस का इतिहास याद दिलाया

## महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर आरोप-पलटवार



### राहुल साउथ में सीटों के नुकसान के लिए खुद जिम्मेदार होंगे

दुबे ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को सरकार ने अधिसूचित किया है तो हम 543 सीटों के आधार पर इसे कल से ही लागू करने के लिए तैयार हैं। उन्हें सीटों का नुकसान होगा और इसके लिए राहुल गांधी जिम्मेदार होंगे। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि जातिगणना कभी नहीं कराई जाएगी, चाहे उनकी सरकार रहे या न रहे।

### मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया

दुबे ने कहा कि रमैं जब आज यहां आया तो मुझे लगा कि कांग्रेस के लीडर ऑफ अपोजिशन से माताओं-बहनों के बारे में सुनने को मिलेगा, लेकिन मुझे लगा कि मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया।

### सोनिया ने जाति गणना का विरोध किया था

दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी ने जाति गणना का विरोध किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तो साफ मना कर दिया था।

विपक्ष का आरोप

### परिसीमन राजनीतिक नोटबंदी साबित होगाः थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना, असल में नोटबंदी जैसा होगा।

### गिरगिट की तरह रंग बदल रही कांग्रेसः मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने कभी नहीं सोता। अब गिरगिट जैसा रंग बदल रही है।

### जाति जनगणना टालने की कोशिश हो रहीः अखिलेश



सपा सांसद अखिलेश यादव ने दावा किया है कि केंद्र महिला आरक्षण और परिसीमन पर जाति गणना की मांग को टाल रही है।

### परिसीमन के जरिए खुद को सशक्त कर रही भाजपा



सपा सांसद डिंपल यादव ने आरोप लगाया भाजपा महिला आरक्षण का मुखौटा पहन सशक्त हो रही है।

प्रधान ने कांग्रेस को घेरा

### परिसीमन को लेकर विपक्ष केवल आशंकाएं फैला रहा



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि परिसीमन को लेकर विपक्ष द्वारा आशंकाएं फैलाई जा रही हैं। उन्होंने विपक्ष के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रधान ने कहा कि परिसीमन की यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है। परिसीमन का उद्देश्य देश के संघीय ढांचे को मजबूत करना है। इसके जरिए देश में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी किए जाने का प्रस्ताव है।

### आपका तो कहने का मुंह ही नहीं : अनुप्रिया



केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की नेता अनुप्रिया पटेल एवं सपा के सांसदों के बीच नोकझोंक देखने को मिली। पटेल ने दावा किया कि सपा की सरकार ने यूपी में न तो जातीय गणना कराई और न ही जिस केंद्र सरकार को वह समर्थन दे रहे थे उनसे जातीय जनगणना करा पाए। पटेल ने सपा सांसदों को रोक टोक के बीच कहा कि आपका तो बोलने का मुंह ही नहीं है। पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने भी कहा- धर्मेंद्र जी बैठ जाइए।

---

## खेड़ा को 'फर्जी आधार' कार्ड पर फटकार, जमानत को असम जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखी जबकि तुषार मेहता ने खेड़ा की याचिका का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांजिट बेल की अवधि मंगलवार तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि खेड़ा गुवाहाटी हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करें। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि गुवाहटी हाई कोर्ट, इस मामले की सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित न हो। फर्जी आधार कार्ड पेश करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। खेड़ा के मामले में अभिषेक मनु सिंघवी और तुषार मेहता के बीच तीखी बहस हुई।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 258964TSDSSB |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में उपलब्ध कंप्यूटर नियंत्रित बेंच टॉप रोटेटिंग डिस्क इलेक्ट्रोड स्पेक्ट्रोमीटर के लिए तीन वर्ष की अवधि हेतु व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | ₹ 24,60,300.00 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 49,300.00 |
| कार्य अवधि | 36 माह |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 11.05.2026, 14:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in दिनांक 17.04.2026, 13:21 बजे से प्रभावी है |

सं. 25.8.964.TSD.SSB दिनांक 17.04.2026 1275/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इम्तियाज अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी हाउस नंबर बी–34, गली नंबर 01, चांद बाग, करावल नगर, दिल्ली–110094, और गांव और पोस्ट–सिवारा, जिला–बिजनौर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 00518/2022 U/S 380/457/411/34 IPC**, अन्तर्गत थाना **सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इम्तियाज अहमद** नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इम्तियाज अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 00518/2022 U/S 380/457/411/34 IPC**, अन्तर्गत थाना सब्जी मंडी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **इम्तियाज अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री प्रीति राजोरिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
कमरा नंबर 32, (केंद्रीय)
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/4728/N/2026(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/
84–भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम विलास पुत्र स्व. शीशपाल पताः बिटूट का मकान, जिले से आइसक्रीम कंपनी के पास, सुभाष चौक, गांव बख्तावरपुर, अलीपुर, दिल्ली और गांव हुसैन पुर थानाः बिसौली, जिला बदौर यूपी ने एफआईआर संख्या 42/2015 धारा 509 भा.द.स. के तहत** थानाः अलीपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राम विलास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राम विलास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 42/2015 धारा 509 भा.द.स. के तहत थाना अलीपुर, दिल्ली के उक्त राम विलास** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रिंयका राजपुत
सीजीएम/नॉर्थ कोर्ट नं0 115
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5002/ON/2026

---

सरकार ने तनाव के बीच ईंधन आपूर्ति को लेकर कहा

# पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचें

## पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार ने ईंधन आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम



व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई सुचारु रूप से जारी है और किसी भी वितरक के पास गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है, रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है।



### पीएनजी नेटवर्क के विस्तार पर जोर

सरकार पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दे रही है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके। इसके लिए राज्यों से लंबित आवेदनों को शीघ्र मंजूरी देने की अपील की गई है। शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी करें। उन्होंने जानकारी दी कि फरवरी में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा प्रतिदिन करीब 177 टन ऑटो एलपीजी की बिक्री हुई थी, जो अप्रैल में बढ़कर लगभग 296 टन प्रतिदिन पहुंच गई है। खासतौर पर कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में ऑटो एलपीजी की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### भारतीय नाविक सुरक्षित

पश्चिम एशिया में हालात को लेकर पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय या भारतीय-ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में बंदरगाहों का संचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़ या बाधा की स्थिति नहीं है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
228 रन
बेंगलुर

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
11 विकेट
गुजरात

## गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता, रबाडा ने 3 विकेट झटके


# गिल की 86 रन की पारी से टाइटंस ने केकेआर को पांच विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई। टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

- कोलकाता आईपीएल सीजन में 5वां मैच हारी

केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गिल ने 50 गेंदों की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। रबाडा और सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में अच्छा साथ दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने अरोड़ा और कार्तिक त्यागी के खिलाफ आकर्षक चौकों से अपनी पारी का आगाज किया। उन्होंने तीसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अनुकूल रॉय के खिलाफ तीन छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर किए।




### कोलकाता-180/10(20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सीफर्ट का फिलिप्स बो रबाडा | 19 |
| रहाणे का रबाडा बो सिराज | 00 |
| रघुवंशी का बटलर बो रबाडा | 08 |
| ग्रीन का बटलर बो राशिद | 79 |
| पॉवेल का सिराज बो अशोक | 27 |
| रॉय का बटलर बो प्रसिद्ध | 09 |
| रिंकू सिंह का बटलर बो रबाडा | 01 |
| रमनदीप का सिराज बो अशोक | 17 |
| सुनील का फिलिप्स बो सिराज | 00 |
| कार्तिक त्यागी रन आउट | 06 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 14
कुल योग: 20 ओवर में सभी आउट 180 रन
विकेट पतन: 1-5, 2-21, 3-32, 4-87, 5-147, 6-148, 7-165, 8-166, 9-173
गेंदबाजी: सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, प्रसिद्ध 4-0-32-1, अशोक 4-0-45-2, राशिद 4-0-44-1

### शुभमन बने मैन आफ द मैच

### गुजरात-181/5 (19.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का त्यागी बो नारायण | 22 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो अरोड़ा | 86 |
| जोस बटलर का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 25 |
| सुंदर का त्यागी बो चक्रवर्ती | 13 |
| फिलिप्स का रिंकू बो रमनदीप | 19 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 07 |
| एम शाहरुख खान नाबाद | 03 |


अतिरिक्त: 16
कुल योग:19.4 ओवर में पांच विकेट पर: 181 रन
विकेट पतन: 1-57, 2-95, 3-141, 5-177
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-1, त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल 3-0-37-0, नारायण 4-0-28-1, चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1

**आईपीएल**

## जीत की लय में रॉयल चैलेंजर्स दिल्ली के लिए फिर कड़ी चुनौती

- आज दोपहर 3.30 बजे से रजत और अक्षर की टीमों में मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं और वह सामूहिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली के लिए यह मुकाबला जीतना कड़ी चुनौती होगा।

## सीएसके के खिलाफ नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी सनराइजर्स

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

- आज रात 7.30 बजे से ईशान और रुतुराज की टीमों में भिड़ंत

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है, जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी। हिंगे और हुसैन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर और दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, जो इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शुभंकर ने जीता बोल्डर्स क्लासिक का खिताब



**हैदराबाद।** यूरोपीय टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा ने बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ के पहले आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। शुभंकर ने दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट में यादगार वापसी करते हुए शुरुआती दो दौर के खेल में एक समान छह अंडर 66 के कार्ड के साथ बढ़त बना ली थी। दो बार के एशियाई टूर के विजेता ने तीसरे दिन आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए अपनी बढ़त को और मजबूत किया। उन्होंने शुक्रवार को अंतिम दौर में भी अपना बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

### जोबर्ग ओपन: प्रणवी ने बनाया तीन अंडर 70 का स्कोर



**जोहानिसबर्ग।** भारत की महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग लेडीज ओपन के पहले दौर में बिना बोगी के तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। प्रणवी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच भारतीय खिलाड़ियों में कट बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। वह पार-73 वाले रैंडपार्क गोल्फ क्लब में पहले दौर के बाद संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और दीक्षा डागर ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत ने दो ओवर 75 का स्कोर बनाया। हिताशी बख्शी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने चार ओवर 77 का स्कोर बनाया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। फ्रांस की अगाथे लैस्ने, अमेरिका की ब्रियाना नवारोसा और फ्रांस की एरियन क्लॉट्ज़ ने सात अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की है।

### हैम्बर्ग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में चोटरानी



**हैम्बर्ग।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कांद्रा को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए। अभय को इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 से और टंडन को हंगरी के बालाज़ फ़ार्कस से 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। जोशना को न्यूजीलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से हराया।

## पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी, कल से टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 19 अप्रैल से 2 मई तक रवांडा में खेला जाएगा। मैचों का आयोजन किगाली शहर के गहांगा क्रिकेट स्टेडियम के आस-पास के दो ग्राउंड में होगा। शेड्यूल के मुताबिक, पांच टीमों के इस टूर्नामेंट के पहले दिन इटली का मुकाबला मेजबान रवांडा से होगा, जबकि नेपाल का मुकाबला यूएसए से होगा। वानुअतु को पहले दिन बाई मिली है, जिसके बाद 19 अप्रैल को उसका मुकाबला रवांडा से होगा। यह टूर्नामेंट आईसीसी की ओर से शुरू किया गया एक नया इवेंट है, जिसे एसोसिएट मेंबर टीमों को ज्यादा मौका देने के लिए शुरू किया गया है। यह इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शामिल हो गया है, जिसका पहला संस्करण पिछले नवंबर में हुआ था, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौके बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 2 मई तक चलेगा और इसका मकसद लगातार, हाई-क्वालिटी मैच का अनुभव देना है। यह पहल आईसीसी की दुनिया भर में महिला क्रिकेट को मजबूत करने और नई टीमों को मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करने के लिए तैयार करने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है।


## भारत को झटका, उबेर कप फाइनल्स से हटी त्रिसा-गायत्री



**नई दिल्ली।** भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा। भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने कहा, 'दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया। ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।' उन्होंने कहा, 'वह अभी आराम कर रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी।'

**यूरोपा लीग**

## सेमीफाइनल में एस्टन विला, अब नॉटिंघम फॉरेस्ट से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की।

### सेल्टा विगो को हराकर फ्रीबर्ग सेमीफाइनल में



फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा, जिसने पहले चरण में 1-1 से बराबरी के बाद कुल 4-2 के अंतर से जीत हासिल की।



### फोन यूज करना आरआर के मैनेजर को पड़ा भारी, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को डगआउट में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर सजा मिली है। बीसीसीआई ने भंडिर को सख्त चेतावनी दी है। साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बीसीसीआई के सचिव देवाजीत सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट एसीयू ने रोमी भिंडर से स्पष्टीकरण मांगा था कि वह फोन अपने साथ क्यों ले जा रहे थे। उन्होंने इसका स्पष्टीकरण दिया, लेकिन एसीयू पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुई। इसलिए उन्हें सजा के तौर पर एक लाख रुपए का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं।

### डोसा-इडली गाने को लेकर फूटा सीएसके का गुस्सा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के चल रहे सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने बीसीसीआई से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। खास तौर पर, यह घटना बेंगलुरु स्टेडियम में हुई, जहाँ उनकी पारी शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, फ्रेंचाइजी ने इस हरकत को मज़ाकिया और अपमानजनक माना।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**04008/04007 आनन्द विहार (ट) - जोगबनी - आनन्द विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 24 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04008 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04007 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:30 | आनन्द विहार (ट) | 03:00 | ---- |
| 15:00 | ---- | जोगबनी | ---- | 18:30 |

चलने के दिन: 04008 आनन्द विहार (ट) से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 18.04.2026 से 11.07.2026 तक (23.05.2026 को छोड़कर) एवं 04007 जोगबनी से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 12.07.2026 तक (24.05.2026 को छोड़कर)।
ठहराव: गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन।
स्थान: वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**04072/04071 नई दिल्ली - सुपौल जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 170 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04072 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04071 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | नई दिल्ली | 15:00 | ---- |
| 06:35 | ---- | सुपौल जं. | ---- | 07:45 |

चलने के दिन: 04072 नई दिल्ली से दिनांक 15.07.2026 तक (21.05.2026 से 25.05.2026 को छोड़कर) एवं 04071 सुपौल जं. से दिनांक 18.04.2026 से 16.07.2026 तक (22.05.2026 से 26.05.2026 को छोड़कर)।
ठहराव: गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं. स्टेशन।
स्थान: वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04002/04001 हज़रत निज़ामुद्दीन - दादर - हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित सुपरफॉस्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04002 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04001 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 21:35 | ---- |
| 22:40 | ---- | दादर | ---- | 00:15 |

चलने के दिन: 04002 हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक एवं 04001 दादर से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 23.04.2026 से 16.07.2026 तक।
ठहराव: कोसी कलां, मथुरा जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता, वाता-2 टीयर एवं वाता-3 टीयर।

**04028/04027 आनंद विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. - आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04028 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04027 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:15 | आनंद विहार (ट) | 05:30 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

चलने के दिन: 04028 आनंद विहार (ट) से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 24.04.2026 से 15.05.2026 तक एवं 04027 मुजफ्फरपुर जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 25.04.2026 से 16.05.2026 तक।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**04030/04029 आनंद विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. - आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04030 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04029 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:00 | आनंद विहार (ट) | 05:30 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

चलने के दिन: 04030 आनंद विहार (ट) से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक एवं 04029 मुजफ्फरपुर जं. से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 23.04.2026 से 16.07.2026 तक।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।
स्थान: वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**04088/04087 नई दिल्ली - दानापुर - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 164 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04088 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04087 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 13:30 | ---- |
| 12:45 | ---- | दानापुर | ---- | 15:10 |

चलने के दिन: 04088 नई दिल्ली से दिनांक 20.04.2026 से 15.07.2026 तक (21.05.2026 से 25.05.2026 को छोड़कर) एवं 04087 दानापुर से दिनांक 21.04.2026 से 16.07.2026 तक (22.05.2026 से 26.05.2026 को छोड़कर)।
ठहराव: टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एव आरा स्टेशन।
स्थान: वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04616/04615 फिरोजपुर कैंट जं. - पटना जं. - फिरोजपुर कैंट जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04616 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04615 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:00 | फिरोजपुर कैंट जं. | 23:55 | ---- |
| 18:35 | ---- | पटना जं. | ---- | 20:20 |

चलने के दिन: 04616 फिरोजपुर कैंट जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक एवं 04615 पटना जं. से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक।
ठहराव: मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, बालामऊ जं., आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., जंघई जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
स्थान: वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04086/04085 मेरठ सिटी जं. - खड़गपुर - मेरठ सिटी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04086 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04085 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:00 | मेरठ सिटी जं. | 17:30 | ---- |
| 04:15 | ---- | खड़गपुर | ---- | 15:45 |

चलने के दिन: 04086 मेरठ सिटी जं. से दिनांक 19.04.2026 एवं 26.04.2026 को एवं 04085 खड़गपुर से दिनांक 21.04.2026 एवं 28.04.2026 को।
ठहराव: हापुड़ जं., खुर्जा जं., अलीगढ़ जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो, महुदा जं., भोजूडीह जं., आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर एवं मिदनापुर स्टेशन।
स्थान: वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04078/04077 दिल्ली जं. - न्यू जलपाईगुड़ी - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04078 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04077 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | दिल्ली जं. | 16:10 | ---- |
| 07:30 | ---- | न्यू जलपाईगुड़ी | ---- | 10:30 |

चलने के दिन: 04078 दिल्ली जं. से दिनांक 18.04.2026 को एवं 04077 न्यू जलपाईगुड़ी से दिनांक 20.04.2026 को।
ठहराव: गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., बरौनी जं., खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं. एवं किशनगंज स्टेशन।
स्थान: वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04514/04513 चंडीगढ़ - हावड़ा जं. - चंडीगढ़ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04514 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04513 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | चंडीगढ़ | 19:20 | ---- |
| 06:30 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 09:00 |

चलने के दिन: 04514 चंडीगढ़ से दिनांक 18, 22 एवं 27.04.2026 को एवं 04513 हावड़ा जं. से दिनांक 20, 24 एवं 29.04.2026 को।
ठहराव: अंबाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं.,शाहजहांपुर जं., आलम नगर, उतरेटिया जं., सुल्तानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., गया जं., कोडरमा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो, आसनसोल, बर्द्धमान एवं बंडेल जं. स्टेशन।
स्थान: वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# ड्रोन खतरों से निपटने के लिए रणनीति मजबूत, सैन्य आधुनिकीकरण पर जोर

*भारतीय सेना के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक और वैश्विक स्तर पर मौजूदा परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और काउंटर मानव रहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के उपयोग व परिचालन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में द्विवार्षिक आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस (एसीसी) 13 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। कांफ्रेंस के दौरान वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने कई मुद्दों चर्चा की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। कैबिनेट सचिव, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, रक्षा सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड अध्यक्ष के अलावा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने कमांडर्स को संबोधित किया। वहीं भारतीय सेना ने 'भविष्य के लिए तैयार बल' के रूप में विकसित होने की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2026 को नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष घोषित किया है।

**द्विवार्षिक आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस का समापन**

**युद्धक ड्रोन व मानव रहित हवाई प्रणालियां शामिल की जा रहीं**

## आधुनिक युद्धों की तकनीक पर काम किया जा रहा



आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया

भारतीय सेना के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक और वैश्विक स्तर पर मौजूदा परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और काउंटर मानव रहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के उपयोग व परिचालन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारतीय सेना लगातार आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रही है। खासतौर पर आधुनिक युद्धों की तकनीक व तौर तरीकों पर काम किया जा रहा है। यही कारण है कि युद्धक ड्रोन व मानव रहित हवाई प्रणालियां लगातार भारतीय सेना में शामिल की जा रही हैं।

### नेटवर्किंग और डेटा केंद्रित मुद्दों पर मंथन

*इस सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण व युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेश पर मंथन किया गया। सेना की सैद्धांतिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ ऑपरेशनल तत्परता बढ़ाने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित कई मुद्दों पर कमांडर्स के साथ चर्चा की गई।*

### बेहतर तालमेल पर जोर

*रक्षा मंत्रालय के मुताबिक बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और उभरते वैश्विक, क्षेत्रीय और आंतरिक सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर इस सम्मेलन में बात की गई। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त सबकों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, वक्ताओं ने देश की रणनीतिक और सुरक्षा हितों की गारंटीकृत सुरक्षा के लिए कठोर शक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल और जटिल सुरक्षा चुनौतियों के समन्वित राष्ट्रीय समाधान के लिए राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण पर जोर दिया।*

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

*चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि वर्तमान आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है।*

## खबर संक्षेप

### जिम्बाब्वे में मिनीबस में लगी आग, 18 की मौत

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे में गुरुवार को एक मिनीबस टैक्सी में भीषण आग लगने से करीब 18 लोगों की मौत हो गई।



पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी के अनुसार, मृतकों की सटीक संख्या का अभी सत्यापन किया जा रहा है, लेकिन यह आंकड़ा लगभग 18 बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि यह मिनीबस देश के दूसरे सबसे बड़े शहर बुलावायो के पास एक हाईवे पर अचानक आग की लपटों में घिर गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।

### जैकलिन फर्नांडीस बनेंगी सरकारी गवाह

**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की इच्छा जाहिर की है।



जैकलीन ने यह बात पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान कही। उन्होंने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल कर सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई और साथ ही कहा कि वह जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं।। पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन की अर्जी पर संज्ञान लेते हुए प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### नेपाल में भारतीय वाहनों के लिए नए नियम

**काठमांडू।** नेपाल के नए पीएम बालेंद्र शाह के नए नियम अनुसार अब किसी भी भारतीय सवारी साधन को सीमा में प्रवेश करने से पहले आधिकारिक भंसार अनुमति लेना अनिवार्य है।



प्रतिदिन के हिसाब से दोपहिया वाहन पर 100 रुपए, तीन पहिया वाहन पर 400 रुपए और चार पहिया वाहन (कार, जीप, वैन) पर 600 रुपए का शुल्क भंसार कार्यालय पर जमा करना होता है, जिसके बाद ही वाहन को नेपाल में प्रवेश की अनुमति मिलती है। एक वर्ष में अधिकतम 30 दिन तक आ सकते हैं।

## ईरान के साथ सीजफायर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

# परमाणु हथियार 'नहीं' बनाने पर राजी हुआ ईरान सौंपेगा यूरेनियम भंडार, तेहरान बोला बेबुनियाद

*व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे*

### शांति वार्ता पर दूसरी बैठक के लिए ट्रंप जा सकते हैं पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के साथ हुए हालिया सीजफायर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में बड़ा दावा करते हुए कहा है कि ईरान, परमाणु हथियार नहीं बनाने पर राजी हो गया है और ईरान अपना संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम भी सौंपने को तैयार हो गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये भी कहा कि अगर सबकुछ सही रहा तो वे जल्द ही शांति वार्ता पर बात करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे। ट्रंप ने आगे संकेत दिया कि अगर यह समझौता इस्लामाबाद में होता है, तो वह पाकिस्तान की यात्रा भी कर सकते हैं। हालांकि, ईरानी मीडिया ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बिना आधार के बातें कर रहे हैं और वास्तविक स्थिति इससे अलग है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

### सब कुछ सकारात्मक होगा

ट्रंप ने कहा कि हम ये सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हो। अगर ऐसा होता है तो इससे काफी परेशानी होगी। ये बेहद अहम है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए तैयार भी हो गया है। वे इसके लिए मान गए हैं और उन्होंने परमाणु डस्ट को भी हमें सौंपने की सहमति दे दी है। हम ईरान के साथ कई समझौते करने जा रहे हैं और मुझे लगता है कि सबकुछ बहुत सकारात्मक होगा।

### समझौता नहीं हुआ तो फिर युद्ध शुरू होगा

ट्रंप ने कहा कि हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें संघर्ष विराम को बढ़ाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। ईरान सौदा करना चाहता है और हम भी बहुत अच्छे से उनके साथ बात कर रहे हैं। स्टॉक मार्केट बेहतर स्थिति में है। तेल के दाम गिर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही ईरान के साथ समझौता कर लेंगे। ट्रंप ने ये भी चेतावनी दी कि अगर ईरान के साथ समझौता नहीं हो सका तो युद्ध जारी रहेगा।

### पीएम मोदी के साथ अच्छी बातचीत हुई

ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ हालिया बातचीत का भी जिक्र किया और पीएम मोदी को अपना दोस्त बताया। ट्रंप ने कहा कि मेरी पीएम मोदी से अच्छी बातचीत हुई। वे मेरे दोस्त हैं और वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमारी बातचीत अच्छी रही।

### 'हमास' को आतंकी संगठन घोषित करे भारत: इजराइल



इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इजराइल ने कई मोर्चों पर बढ़त हासिल की है और उसने इस्लामी चरमपंथ के 'आतंकी नेटवर्क' को काफी कमजोर किया है, जिसका नेतृत्व ईरान करता है। उन्होंने कहा कि भारत को हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित करना चाहिए। हमास के संबंध अन्य चरमपंथी संगठनों से हैं, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) भी शामिल है। इस तरह के संगठनों के बीच वैश्विक स्तर पर जुड़ाव है और ये मिलकर काम करते हैं। अगर भारत सिर्फ यह घोषणा भी करता है, तो इसका वैश्विक स्तर पर बड़ा असर होगा, क्योंकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और मालदीव जैसे देश भारत के रुख को देखते हैं और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं।

**इजराइल के राष्ट्रपति बोले**

## दक्षिणी लेबनान में 10 किमी का सुरक्षा जोन बनाए रखेगा इजराइल



**तेल अवीव।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजराइल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर का सुरक्षा क्षेत्र बनाए रखेगा। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने हिजबुल्ला की उस मांग को ठुकरा दिया, जिसमें इजराइली सेना को अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पीछे हटने के लिए कहा गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान के अंदर बनाए गए इस सुरक्षा क्षेत्र में ही तैनात रहेगी। उनका कहना है कि यह सुरक्षा क्षेत्र उत्तरी इजराइल के इलाकों को हमलों और टैंक रोधी हथियारों से बचाने में मदद करेगा।

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि लेबनान के साथ एक ऐतिहासिक शांति समझौता करने का मौका है। उन्होंने बताया कि ट्रंप इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए उन्हें और लेबनान के राष्ट्रपति को बातचीत के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। नेतन्याहू के अनुसार, यह मौका इसलिए बना है क्योंकि इजराइल ने लेबनान में ताकत का संतुलन अपने पक्ष में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक महीने में लेबनान की ओर से सीधे शांति वार्ता के संकेत मिले हैं।

### युद्ध विराम का भारत ने किया स्वागत



भारत ने इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिन के युद्ध विराम की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि शांति की दिशा में उठाए गए हर कदम का स्वागत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम युद्ध विराम का स्वागत करते हैं। शांति की दिशा में उठाए गए हर कदम का हम स्वागत करते हैं। इजराइल की ओर से भारत को हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के अनुरोध पर प्रवक्ता ने कहा कि हमारे पास एक प्रक्रिया मौजूद है और उन मुद्दों का समाधान उसी प्रक्रिया के तहत किया जाता है।

## भारत-चीन एससीओ परामर्श

# द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर जोर, फैसले लागू करने पर सहमत



भारत के आलोक ए. डिमरी और चीन के यान वेनबिन चर्चा करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन ने 16-17 अप्रैल को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्विपक्षीय परामर्श आयोजित किया गया। भारत के एससीओ के राष्ट्रीय समन्वयक आलोक ए. डिमरी और चीन के राष्ट्रीय समन्वयक राजदूत यान वेनबिन ने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया। दोनों पक्षों ने एससीओ नेताओं के फैसलों को लागू करने और संगठन के भविष्य के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्ष एससीओ मामलों में आपसी सहयोग और सलाह-मशविरा जारी रखने और उसे मजबूत करने पर सहमत हुए। दोनों डेलीगेशन ने मिलकर सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज से एससीओ फ्रेमवर्क के अंदर सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा करने के लिए मुलाकात की। दोनों पक्ष भविष्य में आपसी सलाह-मशविरा जारी रखने पर सहमत हुए।

**सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी पर की समीक्षा**

### तजाकिस्तान के साथ फिनटेक, फार्मा क्षेत्र पर चर्चा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ताजिकिस्तान गणराज्य के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दुशांबे में भारत-ताजिकिस्तान विदेश कार्यालय परामर्श का पांचवां दौर भी आयोजित किया गया, जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव (पश्चिम) और उप विदेश मंत्री इद्दिबेक कलंदर ने की। उन्होंने वर्तमान द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की, जिसमें व्यापार और आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, फिनटेक, फार्मास्यूटिकल्स, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे आपसी हित के क्षेत्र शामिल थे।*

### पुर्तगाल संग दीर्घकालिक साझेदारी पर जोर



पश्चिमी क्षेत्र के सचिव राजदूत सिबी जॉर्ज ने पुर्तगाल के स्वतंत्रता दिवस समारोह और उसके संविधान की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने भारत-पुर्तगाल की दीर्घकालिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और पारस्परिक हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## ईरान से तेल खरीद पर भारत का खेल

# अमेरिकी डॉलर को छोड़ चीन की करेंसी युआन में कर दिया भुगतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने ईरान से खरीदे गए तेल का भुगतान चीनी मुद्रा युआन में किया है। यह पेमेंट मुंबई स्थित आईसीआईसीआई बैंक के जरिए किया गया, जिसने अपनी शंघाई शाखा के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। भारतीय रिफाइनर्स ने सात साल बाद ईरान से तेल खरीदा है। भारत की सबसे बड़ी सरकारी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने इस महीने की शुरुआत में 20 लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल खरीदा। यह तेल बड़े जहाज जया के माध्यम से



आया। यह करीब 20 करोड़ डॉलर (करीब 1857 करोड़ रुपए) का सौदा था और पिछले सात वर्षों में भारत की पहली ईरानी तेल खरीद मानी जा रही है। अलावा निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए भी चार जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर आने की अनुमति दी गई थी। इनमें से एमटी फेलिसिटी नामक जहाज तेल उतार चुका है।

## अमेरिकी सांसद सेशंस से मिले क्वात्रा

# द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द लगेगी मुहर, समर्थन की सराहना की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसद पीट सेशंस के साथ आपसी हित के मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी के लिए उनके समर्थन की सराहना की।

सेशंस वर्तमान में सदन की वित्तीय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य हैं और सदन की निगरानी और सरकारी सुधार समिति की सरकारी संचालन उपसमिति के अध्यक्ष हैं। क्वात्रा ने गुरुवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार राबर्ट



विनय क्वात्रा पीट सेशंस

ओ ब्रायन से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के बारीक पहलुओं पर बातचीत कर रहे हैं। फरवरी में, भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी।

## टीसीएस नासिक केस धर्मांतरण मामला

# फरार आरोपी निदा ने खुद को प्रेग्नेंट बताया, कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी

**मानवाधिकार आयोग ने रिपोर्ट मांगी**

**पुलिस ने 7 आरोपियों को अरेस्ट किया**

एजेंसी ▶▶ नासिक

नासिक के टीसीएस ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के डीजीपी समेत कई विभागों से रिपोर्ट मांगी है। इस बीच फरार आरोपी निदा खान ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। उन्होंने बताया कि वह गर्भवती है। वहीं, निदा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ साजिश हुई है। एसआईटी ने शुक्रवार को मुंबई के मुंब्रा में निदा के पति से 4 घंटे पूछताछ की। इस मामले में अब तक 8 लोगों के खिलाफ 9 एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर किया है।

### दावा- एफआईआर में धर्मांतरण का आरोप नहीं



निदा के वकील बाबा सैयद ने कहा कि एफआईआर में जबरन धर्मांतरण का कोई जिक्र नहीं है। निदा को एक मामले में नामजद किया गया है। वहीं निदा के पिता ने कहा है कि निदा ने शिकायत करने वाली महिला से कभी बात तक नहीं की और न ही किसी को धर्म परिवर्तन के लिए कहा। उनका परिवार सभी धर्मों का सम्मान करता है। परिवार ने बताया कि निदा इस समय गर्भवती है और भिवंडी स्थित अपने ससुराल में रह रही हैं।

### एसआईटी 9 मामलों की जांच कर रही

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में 9 शिकायतों की जांच हो रही है। इनमें 8 महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनके सीनियर ने उनके साथ मानसिक और यौन उत्पीड़न किया। ये घटनाएं फरवरी 2022 से मार्च 2026 के बीच की बताई गई हैं। पुलिस ने इस मामले में 7 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 6 पुरुष और एक महिला एचआर शामिल हैं।

**आर्टेमिस-2 मिशन के एस्ट्रोनॉट्स ने कहा-**

# मिशन युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के आर्टेमिस-2 के एस्ट्रोनॉट्स रीज वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसेन धरती पर सुरक्षित लौट आए हैं। उन्होंने मिशन के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान देते हुए स्पेस और चांद का रोमांचक अनुभव साझा किया और दुनिया भर से मिले अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। क्रू सदस्यों ने भावुक होते हुए कहा कि पृथ्वी से दूर चांद के आसपास का अनुभव जीवन बदलने वाला था। उन्होंने उम्मीद



जताई कि यह मिशन युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करेगा।

### मिशन का लोगों पर गहरा असर पड़ा

*मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि हमने यह सब मिलकर किया है। हम आपके दिलों को अपने साथ ले गए थे और आपके दिलों ने हमारे दिलों को खुश कर दिया। क्रिस्टीना ने बताया कि लौटने के बाद उनके पति ने लोगों से बात की और बताया कि मिशन का लोगों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह असर सिर्फ देखने वालों की संख्या का नहीं था, बल्कि इसने लोगों के बीच की तमाम सीमाओं और पहचानों को पीछे छोड़ दिया था।*

### एक दूसरे का हौसला बढ़ाया

*क्रू सदस्यों ने बताया कि मिशन के दौरान उन्होंने एक-दूसरे का हौसला बढ़ाया और टीम वर्क की मिसाल पेश की। उन्होंने नासा की पूरी टीम, इंजीनियर्स और दुनिया भर के लोगों को धन्यवाद दिया, जिनके समर्थन से यह मिशन सफल हुआ। आर्टेमिस-2 मिशन चांद के चारों ओर मानवयुक्त उड़ान का महत्वपूर्ण कदम है, जो भविष्य के आर्टेमिस कार्यक्रम और चंद्रमा पर मानव लैंडिंग की तैयारी है। अंतरिक्ष यात्रियों ने कहा कि यह यात्रा न सिर्फ उनके लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणादायक रही।*

### मिशन अविश्वसनीय रोमांच, टीम का शुक्रिया

मिशन के कमांडर रीड वाइजमैन ने बताया कि विक्टर, क्रिस्टीना, जेरेमी, आप सबका धन्यवाद। अविश्वसनीय रोमांच था यह इस क्रू और पूरी यात्रा के दौरान एक-दूसरे के सहयोग से ही संभव हो पाया। हमारे बीच हमेशा के लिए एक खास रिश्ता बन चुका है।

हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109